मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-3, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 194 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

29 दिसंबर 2023 शुक्रवार

**आज का मौसम**

26 अधिकतम

12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## जयाप्रदा हुईं गायब, पुलिस को भी नहीं मिल रही लोकेशन



**लखनऊ एजेंसी।** समाजवादी पार्टी की सांसद रहीं अभिनेत्री जयाप्रदा की तलाश कर रही रामपुर पुलिस को उनका पता नहीं मिल रहा है। स्पेशल टीम का गठन करने जयाप्रदा की ताश में कई जगहों पर छापेमारी की जा चुकी है। दरअसल रामपुर की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट में चल रहे मुकदमों में जयाप्रदा लगातार गैर हाजिर चल रही हैं। उनका गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। पिछले लोकसभाचुनाव में आदर्श आचार संहिता के दो मुकदमे दर्ज हुए थे। उनके करीबियों से भी पुलिस ने संपर्क साधा गया है।

## सागर के सैनिक राजेश आतंकियों की गोली से शहीद



**सागर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल हुए बंडा के ग्राम क्वायला गांव के सैनिक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनके बलिदान होने की सूचना मिलते ही सागर के बंडा ब्लाक के ग्राम क्वायला में मातम छा गया। परिवार के लोग घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली रवाना हो गए हैं। बलिदानी राजेश यादव का पार्थिव शरीर दिल्ली से सम्मान के साथ भोपाल और भोपाल से सागर जिले में उनके पैतृक गांव क्वायला लाया जाएगा। आज शाम तक पार्थिव शरीर गांव पहुंचेगा। उनका सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होगा। राजेश यादव के भाई महेश ने बताया कि राजेश का वर्ष 2014 में सागर में आयोजित खुली भर्ती में भारतीय सेना में चयन हुआ था। इस समय वह लेह में पदस्थ थे। जहां आतंकवादियों की गोलीबारी में गोली लगने से घायल हुए थे। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था।

## आज नीतीश पर नजरें, ललन ने छोड़ा अध्यक्ष पद



**नई दिल्ली।** बिहार की सत्तारूढ़ पार्टी जदयू के लिए आज का दिन अहम है। दिल्ली में पहले जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हो रही है। इसके बाद दोपहर को राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने इस्तीफा दे दिया है। बैठक में पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या ललन सिंह पद से इस्तीफा देंगे? अब यदि हां, तो उनकी जगह किसको जिम्मेदारी दी जाएगी? फिलहाल अब नीतीश कुमार पर नजर टिकी है। पार्टी का एक बड़ा धड़ा नीतीश कुमार को यह जिम्मेदारी देने के पक्ष में हैं। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। क्योंकि इंडिया गठबंधन में उन्हें संयोजक बनाने की मांग उठी थी, जिस पर फैसला नहीं हुआ है बल्कि प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए भी उनके नाम की चर्चा नहीं की जा रही है। उनके भाजपा गठबंधन में शामिल होने के भी कयास लग रहे हैं

### पिछले छह महीने के ट्रैक रिकार्ड के आधार पर अब अगली जिम्मेदारी तय होगी

# 50 आईएएस-आईपीएस अफसर आए सरकार की रडार पर !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में नयी सरकार आने के बाद से नौकरशाह खुद को नये सेटअप में ढालने की कोशिश में जुटे हैं। इन नौकरशाहों के सामने दुविधा यह है कि वे पुरानी सरकार के बहुत करीब होने का खतरा भी झेल रहे हैं और चुनाव के दौरान तटस्थ होने की कोशिशों के सामने आने से घबरा भी रहे हैं। माना जा रहा है कि कई नए-पुराने अफसरों का ट्रेक रिकार्ड चैक किया जा रहा है। करीब पैंतीस ऐसे आईएएस अफसर और पंद्रह आईपीएस अफसरों के बीते छह महीने के काम और रूझान को रडार पर लिया गया है। यह स्कैनिंग भोपाल से दिल्ली तक चल रही है। इसे नये प्रशाासनिक सेटअप की तैयारी और नये प्रशासनिक मुखिया के आगमन से भी जोड़ा जा रहा है।

बताया जाता है कि मप्र में कई वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने चुनाव के पहले हवाओं का रूख भांपने की कोशिश की थी और कांग्रेस के प्रति भी अचानक नरम रुख अख्तियार कर लिया था। अब इन अफसरों के बारे में अब यह बातें 'ऊपर' तक पहुंची हैं। इनमें अपर मुख्यसचिव से लेकर सचिव व कलेक्टर स्तर तक और एडीजी से लेकर एसपी स्तर तक के कुछ अफसरों के बारे में ब्योरा इकट्ठा किया गया है। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान कभी भाजपा की हवा को कमजोर तो कभी कांग्रेस को मजबूत माना जाने लगा था। कुछ अफसरों ने कांग्रेस नेताओं से भी संबंध सहज बनाने की कोशिश की थी और कामकाज के दौरान 'तटस्थ' नजर आने लगे थे। भाजपा नेताओं ने भी इसे लेकर अपने 'अनुभव' संगठन को बताए थे।



### मार्च से पहले करना है प्रशासनिक बंदोबस्त

दरअसल मप्र की मोहन यादव सरकार को मार्च के पहले पखवाड़े तक तमाम प्रशासनिक बंदोबस्त पूरे करने हैं। क्योंकि दूसरे पखवाड़े तक लोकसभा चुनाव का ऐलान व इसकी आचार संहिता लग जाने के आसार हैं। इसलिये वरिष्ठ स्तर पर मंत्रालय व पीएचक्यू से लेकर मैदानों जिलों तक अफसरों को नये सिरे से तैनात किया जाना है। कई अफसरों की मैदानों से मुख्यालयों में वापसी और कुछ की मुख्यालयों से मैदानों में रवानगी का प्राथमिक ड्राफ्ट भी बन रहा है। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री, उनका सचिवालय के अलावा पार्टी संगठन से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण राय रखने वाले चेहरे इस काम में अलग अलग जुटे हैं। अभी मप्र की प्रशासनिक बुनावट विधानसभा चुनाव के मुताबिक पूर्ववर्ती शिवराज सरकार के समय की गई थी, इसमें पूर्व मुख्यसचिव की 'कसीदारकारी' भी शामिल थी, अब बदले हुए माहौल में बदला हुआ सेटअप बन रहा है।

### *तीनों राज्य में उलझा हुआ है हाइकमान*

*चूंकि भाजपा हाइकमान ने इस बार मुख्यमंत्रियों के चयन, मंत्रिमंडल गठन को लेकर अपने सभी पुराने पैमाने तोड़ दिये हैं, इसलिये मामला ज्यादा पेचीदा हो रहा है। राजस्थान में कैबिनेट को लेकर वसुंधरा राजे को रुख को लेकर भाजपा हाइकमान सशंकित है, इसीलिये वहां के मामला सुलझाने की कोशिशें ही की जा रही हैं। इसके चलते मप्र व छत्तीसगढ के मामले होल्ड पर जाते रहे हैं। लेकिन अब हाइकमान पर भी दोनों राज्यों में मंत्रियों को विभाग वितरण का दबाव बढ गया है। मप्र में दो उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला व जगदीश देवडा ने तो सोलह दिन पहले शपथ ली थी, इन दोनों की विभागीय जिम्मेदारी ही अब तक तय नहीं हो सकी है। मप्र मे जिन नये विधायकों को मंत्री बनाया गया है, उनके बारे में भी विभागों को लेकर सीएम व केंद्रीय नेतृत्व असमंजस में नजर आ रहा है।*

### फिर मंत्रिमंथन के लिए सीएम दिल्ली में

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव आज भी दिल्ली में रहेंगे, वे दिनभर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे और अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभाग वितरण का फार्मूला बनाने की कोशिश करेंगे। सूत्रों का कहना है कि भाजपा हाइकमान ने राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ में मंत्रियों को विभाग वितरण के लिये कवायद तेज कर दी है। मंत्रियों को योग्यता, वरिष्ठता के आधार पर विभाग बांटे जाने हैं। भाजपा यह काम जल्द पूरा करना चाहती है ताकि नये वर्ष तक तीनों सरकारें काम शुरू कर सकें। मप्र में मंत्रियों को शपथ लिये पांच दिन हो रहे हैं, अभी तक विभाग वितरण नहीं होने से प्रशासनिक स्तर पर कई काम रुके हुए हैं।

### जांच रिपोर्ट में खुलासा

## पायलट ने विमान में किया पावर कट चली गई 72 यात्रियों की जान

**काठमांडू, एजेंसी।**

नेपाल में बीते जनवरी में यति एयरलाइंस के विमान के क्रैश होने की वजह सामने आ गई है। दुर्घटना के बाद बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि मानवीय चूक के चलते ये हादसा हुआ था। पायलट ने गलती से विमान का पावर कट कर दिया था, जिससे ये हादसा हुआ था। इस हादसे में 72 लोग मारे गए थे, जिनमें पांच भारतीय थे।

इस हादसे के बाद नेपाल सरकार ने जांच के लिए पैनल नियुक्त किया था। जांच पैनल ने तकरीबन एक साल के बाद अब अपनी रिपोर्ट दी है। 15 जनवरी को कासकी जिले के पोखरा में पुराने एयरपोर्ट और पोखरा एयरपोर्ट के बीच ये हादसा हुआ था। विमान ने काठमांडू से पोखरा जाने के लिए उड़ान भरी थी। पोखरा एयरपोर्ट पर लैंडिंग से महज 10 सेकेंड पहले विमान पहाड़ी से टकरा गया। इससे प्लेन में आग लग गई और वह खाई



में जा गिरा। यह विमान हादसा नेपाल के सबसे बड़े विमान हादसों में से एक था। जिसमें विमान में सवार 72 लोगों में कोई भी जिंदा नहीं बच सका था।

### शिकायतों के बाद भी कुछ नहीं कर रहा चुनाव आयोग

**पित्रोदा ने कहा-**

## वीवीपैट पर्ची के बिना चुनाव हुए तो 400 सीट जीतेगी भाजपा

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने कहा कि यदि ईवीएम मुद्दे को नहीं सुलझाया गया तो अगले लोकसभा चुनाव में बीजेपी चार सौ से ज्यादा सीटें जीत सकती है। पित्रोदा ने कहा कि अगला लोकसभा चुनाव भारत की किस्मत का फैसला करने वाला होगा। हर वोट पर VVPAT वोटर को मिलना चाहिए। एक न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में पित्रोदा ने कहा कि पहले मैंने इस बात का इंतजार किया कि चुनाव आयोग इस पर कुछ करेगा लेकिन जब कुछ नहीं हुआ तो मैंने इसके खिलाफ बोलने



का फैसला किया।

उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने हमेशा ईवीएम पर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। जबकि कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी नेता बार-बार ईवीएम में कथित तौर पर हेरफेर के मुद्दे को उठाते रहे हैं। हाल ही में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद एक बार फिर ईवीएम पर सवाल विपक्षी दलों की ओर से उठाए गए। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल 100 प्रतिशत वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) की मांग कर रहे हैं और पर्चियां मतदाताओं को देने की बात कह रहे हैं। पित्रोदा ने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर पर उनकी हालिया टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। धर्म एक व्यक्तिगत मामला है और इसे राजनीति के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। रिपोर्ट्स में उनके हवाले से कहा गया था कि उन्हें यह बात परेशान करती है कि पूरा देश राम मंदिर पर अटका हुआ है।

### बवाल के बाद सस्पेंड

## महिला प्रिंसिपल पिकनिक के दौरान छात्र के साथ हुई कोज़ी

**चिंतामणि, एजेंसी।**

एक सरकारी स्कूल की 42 साल की प्रिंसिपल अपने छात्र के साथ इतनी 'कोजी' हो गई कि बखेड़ा खड़ा हो गया है। उसे निलंबित करना पड़ा है। मामला कर्नाटक के चिक्काबल्लापुर जिले के एक सरकारी स्कूल का है। महिला प्रिंसिपल पर आरोप है कि स्कूट ट्रिप के दौरान छात्र को कई बार चूमा और उसके साथ गलत हरकत की। स्कूल के ही एक अन्य छात्र ने उसका वीडियो और फोटो खींच लिए। वीडियो और फोटो वायरल होने के बारे में जैसे ही शिक्षा विभाग को पता चला तो उसे निलंबित कर दिया गया। अफसरों का कहना है कि तस्वीरों और वीडियो को रीस्टोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि बीईओ ने घटना पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है जिसके आधार पर महिला प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया।

खबरों के अनुसार छात्र और कर्मचारी 22 से 25 दिसंबर तक होरानाडू, धर्मस्थल, याना और अन्य स्थानों के शैक्षिक दौरे पर गए थे। इसी दौरान



प्रिंसिपल ने ये सब किया। वायरल हुई तस्वीरें एक अन्य छात्र द्वारा ली गई थीं। उन्होंने कहा कि दो छात्रों और महिला प्रिंसिपल को छोड़कर, किसी अन्य कर्मचारी या छात्र को इस घटना की जानकारी नहीं थी।

### कोरोना सब वैरिएंट

## डब्ल्यूएचओ, सरकार और एम्स ने किया आगाह

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कोरोना के मामले रुकते नहीं देख अब जेएन.1 सब-वैरिएंट के मामले को लेकर फिर केंद्र सरकार ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि देश में एक दिन में 702 कोविड-19 के नए मामले और 6 मौतें सब-वैरिएंट और BA.2.86 के कारण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि यह



सब-वैरिएंट BA.2.86 में एक एक्स्ट्रा म्यूटेशन से बना है और यह काफी तेजी से फैलता है। इसलिए सभी को सावधान रहने की जरूरत है। दिल्ली में जेएन.1 सब-वैरिएंट का केस मिलने के बाद एम्स ने भी बताया है कि कौन से लक्षण वालों को बिल्कुल भी लापरवाही नहीं बरतनी है और अगर ये लक्षण दिखे तो तुरंत जांच करानी चाहिए।

### यह हैं संकेत

***गले में खराश, नींद न आना, एंग्जाइटी, बहती नाक, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी या थकान, मांसपेशियों में दर्द। वहीं यूके के डॉक्टर्स के मुताबिक, खांसी, गले में खराश, छींक आना, थकान और सिरदर्द सबसे अधिक बताए गए लक्षणों में से एक है लेकिन ये इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं इसलिए पहले टेस्ट कराएं।***

### बदल गए नौसेना के एपोलेट्स

## अब एडमिरल के कंधों पर सजेंगे गोल्डन बटन व ऑक्टागन

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

नौसेना दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी की घोषणा के मुताबिक अब सभी एडमिरल के कंधों पर नए डिजाइन के एपोलेट्स होंगे। ये एपोलेट्स छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना के एनसाइन और राजमुद्रा से प्रेरित बताए जा रहे हैं। मोदी ने कहा था कि हमें भारतीय परंपराओं के अनुरूप दिखना है,। ब्रिटिश शासन के समय की चीजों को खत्म करेंगे तथा गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हासिल करेंगे। नए एपोलेट्स में अब गोल्डेन नेवी बटन है जो गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलने की इच्छाशक्ति बताता है, इसी तरह ऑक्टागन.आठ दिशाओं को दिखाता है. ताकि चारों तरफ लंबे समय तक नजर रख सकें। इसमें तलवार... शक्ति, राष्ट्रीय ताकत और युद्धों को लड़ने की हमारी क्षमता को दिखाता है। हर चुनौती का सामना कर उसे हराने की क्षमता को दर्शाता है। इसी तरह टेलिस्कोप भी है जो दूरदृष्टि दिखाता है. लंबे समय तक हर मौसम में




दुनिया में हो रहे बदलावों पर नजर रखने की क्षमता को दिखाता है। मोदी ने कहा था कि भारतीय नौसेना अपने रैंकों का नाम अब भारतीय परंपराओं के अनुरूप रखेगी. उन्होंने कहा था कि हम ब्रिटिश काल के रैंक्स को बदलेंगे. उसकी जगह भारतीय नाम रखे जाएंगे. हम छत्रपति शिवाजी महाराज से प्रेरित हैं. हम उन्हीं की तरह गुलामी बर्दाश्त नहीं कर सकते. हमें इस मानसिकता से बाहर आना होगा. इसलिए ऐसे नाम और प्रतीकों को खत्म करना होगा, जो गुलामी की प्रथा को जीवित रखे हैं।



## दो दिवसीय संत समागम का समापन

**भोपाल।** नेवरी स्थित काल भैरव मठ मंदिर में दो दिवसीय संत समागम का आज समापन हुआ। इस अवसर पर महंत कैलाश दास पंडा बाबा ने पूजन अर्चना आरती की इसके बाद राम संकीर्तन हुआ जिसमें सभी भक्त मंडल भक्तों और साधु संतों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया एवं छोला मंदिर के महंत जगदीश प्रसाद महाराज का सम्मान किया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित हुए।

## एनुअल फंक्शन



**भोपाल** के लालघाटी मानस उद्यान में किडजी प्ले स्कूल का एनुअल फंक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### भोपाल से इटारसी के बीच हजारों पेड़ काटे गए

# तीसरी रेल लाइन के लिए हजारों पेड़ काटे लेकिन लगाए कहां किसी को नहीं पता!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

तीसरे रेल लाइन के लिए भोपाल से इटारसी के बीच हजारों पेड़ों को काटा गया। इनके बदले लाखों पौधे लगाकर उन्हें पेड़ बनाया जाना था लेकिन ये पौधे कहां लगाए, अब तक किसी को पता नहीं है। रेलवे के अधिकारी वन विभाग को रुपये देने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं तो वन विभाग को खुद ही नहीं पता कि रुपये कब और कितने मिले और उन रुपयों से किस जमीन पर कितने पेड़ लगाए।

मामला भोपाल से इटारसी के बीच बिछाई गई तीसरी रेल लाइन का है, जिसके सभी रेलखंडों में काम पूरा हो चुकी है और ट्रेनें भी दौड़ने लगी है। भोपाल से इटारसी के बीच बरखेड़ा, बुदनी, औबेदुल्लागंज रेलखंड पड़ता है, जो कि सघन वनों के बीच से गुजरता है। यही नहीं, इस रेलखंड में रातापानी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा भी लगती है। जिन पर वर्षों पुराने पेड़ लगे थे, जिन्हें रेल लाइन के नाम पर काटा गया था।

### काटे गए पेड़ों के बदले करना था पौधा रोपण

काटे गए पेड़ों के बदले दो से तीन गुना पौधा रोपण करना था। यह पौधा रोपण सरकारी योजनाओं से अलग किया जाना था और लगाए गए पौधों की बकायदा परवरिश की जानी थी, ताकि ये पेड़ बनकर पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें।



### रेलवे ने वन विभाग को दी राशि

रेलवे के जबलपुर में बैठे अधिकारियों का कहना है कि रेल लाइन का काम रेल विकास निगम लिमिटेड कराता है। वहीं नोडल एजेंसी है। पेड़ काटने के बदले उसके जरिये रेलवे ने मप्र वन विभाग को मोटी रकम चुकाई थी। इसको वर्षों हो चुके हैं। राशि चुकाने के बाद की जिम्मेदारी रेलवे की नहीं है।

### वन विभाग ने कैंपा में जमा कराई राशि

तब वन विभाग ने यह रकम कैंपा योजना में जमा कराई थी। इस योजना के तहत पहले से ही मप्र के कई स्थानों पर पौधे लगाए जाने की योजना थी। सूत्रों के अनुसार उसे ही रेलवे की तीसरी रेल लाइन के काटे गए पेड़ों के बदले पौधे लगाना बताया जा रहा है लेकिन तीसरी रेल लाइन के के लिए काटे गए पौधे रातापानी वन्यजीव अभयारण्य व आसपास के ईको सिस्टम को अतिरिक्त क्षति है जिसकी भरपाई के लिए अलग से योजना बनाकर आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाए जाने थे लेकिन नहीं लगाए गए।

## बरौनी–एर्नाकुलम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें जनवरी के पहले सप्ताह में निरस्त

**भोपाल।** भोपाल व रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली बरौनी–एर्नाकुलम एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें जनवरी के पहले सप्ताह में निरस्त रहेंगी। कुछ ट्रेनों को डायवर्ट कर चलाया जाएगा। इन ट्रेनों को दक्षिण मध्य रेलवे के सिकन्दरबाद मण्डल में किए जाने वाले कामों के चलते निरस्त किया जाएगा। ये काम हसनपर्ती रोड-उप्पल स्टेशन के बीच नई तीसरी ब्रोडगेज रेल लाइन को चालू करने से जुड़े है।

**ये ट्रेनें रहेंगी निरस्तः** – 1. ट्रेन 12521 बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 1 व 8 जनवरी को, ट्रेन 12522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस 05 एवं 12 को ट्रेन 22353 पटना-एसएमविटी बेंगलुरु एक्सप्रेस 04, 11 को, ट्रेन 22354 एसएमविटी बेंगलुरु - पटना एक्सप्रेस 7 व 14 को, ट्रेन 07419 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस 30 दिसंबर, 1 व 13 जनवरी को ट्रेन 07420 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल 1, 8 व 15 जनवरी को, ट्रेन 07007 सिकंदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 3 व 10 जनवरी को, ट्रेन 07008 रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल 5 व 12 जनवरी को, ट्रेन 03225 दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल 4 व 11 जनवरी को, ट्रेन 03226 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल 7 व 14 को, ट्रेन 03241 दानापुर- एसएमविटी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल 5 व 12 जनवरी को, ट्रेन 03242 एसएमविटी बेंगलुरु - दानापुर एक्सप्रेस स्पेशल 7 व 14 का, ट्रेन 03245 दानापुर- एसएमविटी बेंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल 3 व 10 को निरस्त रहेगी।

## 30 से संस्कृत शिक्षण संस्थानों की संबद्धता प्रक्रिया होगी शुरू

**भोपाल।** महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा सत्र 2024-25 के लिए संबद्धता प्रक्रिया को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। संस्कृत शिक्षण संस्थान 30 दिसंबर से 15 जनवरी तक महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान म.प्र. से अपनी नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

### एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होंगे आवेदन, अंतिम तिथि 15 जनवरी

प्रदेश के शासकीय, आदर्श संस्कृत विद्यालय, अशासकीय संस्कृत विद्यालय, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, परम्परागत सामान्य संस्कृत विद्यालय एवं प्राच्य आवासीय संस्कृत विद्यालय (छात्रावास युक्त) संस्कृत विद्यालयों को वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर, संस्थान से सम्बद्धता के लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करना होगा।


### डीईओ कार्यालय भेजने होंगे दस्तावेज

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद समस्त सहपत्रों सहित आवेदन (केवल नवीन संबद्धता हेतु) की हार्ड कॉपी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 जनवरी 2024 तक जमा करानी होगी। वहीं नवीन सम्बद्धता प्राप्त करने अथवा सम्बद्धता नवीनीकरण के लिए आवेदन की हार्ड कापी समस्त सहपत्रों सहित महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान में 15 फरवरी 2024 तक जमा करानी होगी।

### 30 फरवरी देनी होगी निरीक्षण रिपोर्ट

संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संस्थाओं द्वारा देय आवेदन के आधार पर विद्यालयों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन एवं विभागीय अनुमति अनुशंसा (केवल नवीन सम्बद्धता हेतु) एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल पर 30 फरवरी 2024 तक दर्ज करना होगी। वहीं संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुशंसा उपरांत निरीक्षण प्रतिवेदन, विभागीय अनुमति की हार्ड कॉपी (केवल नवीन सम्बद्धता हेतु) महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान कार्यालय में 10 मार्च 2024 तक जमा कराना होगा।

## बोरवन पार्क की सुरक्षा के लिए बन रही सुरक्षा दीवार



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**


पंडित दीनदयाल उपवन बोरवन पार्क की सुरक्षा दीवार बनाई जा रही है, जिससे मवेशियों से पेड़ को बचाना संभव होगा। बोरवन क्लब ने पार्क के विकास कार्यों के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा का आभार जताया है।

बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया की कुछ समय पहेल विधायक रामेश्वर शर्मा को समस्या से अवगत करवाया था, इसके परिणाम स्वरूप बाउंड्री वॉल सहित अन्य विकास कार्य हो रहे हैं। पार्क के विकास के लिए दीनदयाल बोरवन क्लब के महासचिव शेट्टी चंदनानी,सुरेश गेहानी, सुनील दादलानी, रवि नारायण सतानी, दिनेश सोनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का भी आभार जताया है। बता दे बोरवन पार्क सुबह-शाम टहलने वालों के लिए संतनगर में बेहतर जगह है। हरियाली के बीच लोग यहां योग करने आते हैं। सुबह की शुरूआत गुनगुनाते हुए करते हैं। हर मौके पर पार्क में पौधा रोपने की परंपरा है।

### मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप के कलाकार 30 को देंगे प्रस्तुति

**हिरदाराम नगर।** मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप 15 वीं प्रस्तुति सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक ऑटोडरियम में 30 दिसंबर को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। सिंधी समाज सेवा ट्रस्ट के सचिव रामचंद्र सभनानी ग्रुप के संचालक तथा कार्यक्रम के आयोजक विवेक नगरूरकर ने बताया कि संतनगर व्यापार के साथ-साथ सेवा कार्यों के लिए जाना जाता है, लेकिन अब संगीत के क्षेत्र में भी सक्रियता सामने आ रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम श्री सेवा संस्था के अध्यक्ष राम बाबू शर्मा एवं श्री सुशील वासवानी,पूर्व अध्यक्ष, आवास संघ होंगे। जबकि विशेष अतिथि- वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश कुमार जनयानी, कमल मनसुखानी, अध्यक्ष, सेवा संघ, अधिवक्ता राजू जाट एवं अधिवक्ता डी.पी समतानी होंगे।

## संस्कार विद्यालय में भवन विस्तार के निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दीपामाला पागारानी पब्लिक स्कूल के भवन निर्माण में विस्तार करते हुए कमरों एवं इनडोर खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू किया गया, जिसके लिए पूजन संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी सचिव बसंत चेलानी व अन्य पदाधिकारियों ने किया।

इस अवसर वासवानी ने कहा कि वास्तव में ये जो सारा काम है, वह श्रीरामजी कृपा से हो रहा है, इसलिए आज छोटे रूप में राम धुनी लगाई गई है। विद्यालय में अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह निर्माण कार्य भी एक कदम है। चेलानी ने कहा कि विद्यालय भवन के विस्तार में कमरों का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है ताकि बच्चों को सुविधा मिल सके।

इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी नरेश वासवानी, पुरूषोत्तम टिलवानी, महेश प्रेमचन्दानी, अशोक हिमथानी, राजेश दाकड़, विद्यायल के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, प्राधानाचार्या मृदुला गौतम, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सिंधी कविता प्रतियोगिता में मायरा ने जीती स्मार्ट वॉच



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल की छात्रा मायरा तेजवानी ने सातवीं जी इंटरनेशनल सिंधी कविता प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें तृतीय स्थान पर रहकर स्मार्ट वॉच हासिल की। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने मायरा को बधाई देते हुए कहा इस छोटी बच्ची ने सिंधियत की शान बढ़ाई है। विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

**मेट्रो एंकर**

### 139 वें स्थापना दिवस पर संतनगर में कार्यक्रम

# 'कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता देश पर बलिदान होने के लिए रहता है तत्पर'

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 139 वां स्थापना दिवस संतनगर में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। देश की अखंडता और देश के संविधान को बचाए रखने का संकल्प लिया।

ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को ए ओ हूम्म द्वारा मुंबई में की गई थी जिसका उद्देश्य समाज और राष्ट्र को एक जुट कर देश को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद करना था कांग्रेस के महान नेताओं ने आजादी के लिए बहुत बडा योगदान दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम भरोसे भगवानिया ने कहा कि कांग्रेस मात्र एक ऐसी पार्टी है जिसका एक- एक कार्यकर्ता देश की अखंडता और देश के संविधान को बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने के लिए भी तत्पर रहता है। कार्यक्रम में उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता माधु चांदवानी, प्रवक्ता महेश गुरबानी, जगदीश सांवले, अनिल टेकचंदानी, सुरेश सिंगरोली, प्रकाश विधानी, लक्ष्मदास वासवानी व अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।





## मोदी-शाह और नड्डा करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित

# भाजपा ने मिशन 24 के लक्ष्य अपने मोर्चा संगठनों को बांटे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद अब भाजपा लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत के साथ विजय हासिल करने के लक्ष्य को सबसे आगे रख रही है। पार्टी ने अपने सातों मोर्चों की जिम्मेदारी तय कर दी है। प्रदेश पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में बड़े स्तर पर लोकसभा चुनाव के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। इसके तहत हारी हुई सीटों पर वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग मोर्चों के कार्यक्रम किए जाएंगे।**

प्रत्येक मोर्चा के 25-25 हजार कार्यकर्ताओं के दो बड़े सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा संबोधित करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने भाजपा कार्यकर्ता पीले चावल लेकर घर-घर जाएंगे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि सभी मोर्चा समाज को जोड़कर पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने का काम करें। जबकि सीएम यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो सीटें भाजपा हारी है, वहां और सक्रियता बढ़ाने और डबल इंजन सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाकर लोकसभा में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए प्रयास करें। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है, इसके लिए अभियान चलाएं। मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत एंबेसडर बनाने का अभियान चलाकर नए लोगों को नमो एप से जोड़ें। युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए जाएं। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भी कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा क्षेत्र में सभी मोर्चा विकसित भारत एंबेसडर बनाने के लिए अभियान चलाकर नए लोगों को जोड़ें, नमो मित्र, नमो वैरियर्स बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करें।

बताया जाता है कि इस लोकसभा चुनाव में पार्टी का विशेष फोकस महिला मोर्चा पर होगा। मोर्चा द्वारा स्वसहायता समूह, एनजीओ सहित हर वर्ग के लोगों से संवाद किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महिला मोर्चा सहित अन्य मोर्चों को किन्नर सम्मेलन और नवयुवती सम्मेलन, युवक सम्मेलन, ट्रेवलर सम्मेलन, विवाह सम्मेलन समेत एक दर्जन से अधिक सम्मेलन आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

### पीले चावल घर-घर देंगे कार्यकर्ता

यह तय किया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के विराजमान होने के दिन हर व्यक्ति अयोध्या नहीं पहुंच सकता, इसलिए अपने गांव के मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाएं और वहां पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन करें। 22 जनवरी की शाम को हर घर के बाहर 11 दीपक जलाकर दीपावली जैसा उत्सव मनाया जाए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भाजपा देशभर में उत्सव के रूप में मनाएगी। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता देने के लिए पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाएं व लोगों को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का पीले चावल देकर आमंत्रण दें।

### विस परिणामों से हताश न हों- कांग्रेस



मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी नागपुर में कांग्रेस की लोकसभा चुनाव अभियान की रैली में शामिल हुए इधर भोपाल में कांग्रेस के स्थापना दिवस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेसजनों को रीति-नीति, विचारों और सिद्धांतों के अनुरूप पार्टी की सेवा करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि विधानसभा परिणाम से हमें निराश नहीं होना है, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटकर हर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दृढ़ संकल्पित होकर बूथ स्तर पर मजबूती से कार्य करना है।

# चित्रकूट में काऊ सफारी की तरह विकसित होगा गौ-अभयारण्य

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि चित्रकूट के बगदरा घाटी में गौवंश संरक्षण के लिए काऊ सफारी के रुप में गौ अभयारण्य विकसित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र पुराने समय से गौमाता के प्राकृतिक रहवास के रूप में जाना जाता रहा है। घाटी में सड़क के दोनों ओर 20-20 हेक्टेयर क्षेत्र में जंगल क्षेत्र को फेनसिंग कर वन्य प्राणियों से सुरक्षित किया जायेगा। सटी हुई राजस्व भूमि के 50 एकड़ जमीन पर गौशाला एवं अन्य सुविधाएं विकसित की जायेंगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौ अभयारण्य की तर्ज पर यहां भी दानदाताओं और जनसहयोग से गौशाला के संचालन में सहयोग लिया जाएगा। गौवंश के सरंक्षण के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 10 हजार गौमाता के संरक्षण के लिए गौ-अभयारण्य विकसित किए जाने के प्रयास होने चाहिए। अफसरों द्वारा प्रस्तुत गौ अभ्यारण्य की रूपरेखा और कार्य योजना की समीक्षा में बताया गया कि गौ-अभयारण्य में लगभग बीस हजार गौवंशीय पशुओं को रखने की व्यवस्था की जायेगी। घाटी के समीप निकटतम ग्राम पिण्डरा और पड़मनिया जागीर में गौशालायें संचालित की जा रही हैं।

## माध्यमिक शिक्षा मंडल

# अठारह काउंसलर्स दूर करेंगे परीक्षा का तनाव



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल एक जनवरी से हेल्पलाइन शुरू करने जा रहा है। बोर्ड की परीक्षाएं पांच फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स परीक्षाओं के तनाव को लेकर परेशान न हों इसके लिए हेल्पलाइन पर 18 काउंसलर्स छात्रों के तनाव को दूर करने का प्रयत्न करेंगे। इस पर कॉल कर स्टूडेंट्स अपनी परेशानी को बताकर समाधान पा सकते हैं। काउंसलर्स और सब्जेक्ट एक्सपर्ट फोन पर ही समस्या का समाधान सुझाएंगे। सुबह से लेकर रात तक स्टूडेंट्स कॉल कर सकेंगे। इसी तरह प्राइवेट स्टूडेंट्स की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 3 फरवरी से 28 फरवरी के बीच होंगी। 10वीं के एग्जाम 5 फरवरी और 12वीं के बोर्ड एग्जाम 6 फरवरी 2024 से शुरू होंगे। 10वीं की परीक्षा 28 फरवरी और 12वीं की परीक्षा पांच मार्च तक चलेगी, जबकि रेगुलर स्टूडेंट्स की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 5 मार्च से लेकर 20 मार्च के बीच होंगी।

## छोटी-बड़ी खबरें

### मदरसा बोर्ड: 10 जनवरी से परीक्षा आवेदन होंगे शुरू

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मदरसा बोर्ड से 10वीं-12वीं कक्षा की उर्दू माध्यम से परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर 10 जनवरी से 25 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की सुविधा अधिकृत अध्ययन केन्द्रों पर उपलब्ध है।

### नवीनीकरण के लिए आवेदन 30 दिसंबर से प्रारंभ

भोपाल, दोपहर मेट्रो। महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से संबद्ध शिक्षण संस्थान की संबद्धता एवं नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रक्रिया 30 दिसंबर से शुरू होगी। ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात हार्डकॉपी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 30 जनवरी तक जमा करना होगी। आवेदन की आखिरी तारीख 15 जनवरी है। ऑफलाइन आवेदन मान्य नहीं होंगे। विद्यालयों को वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर, संस्थान से सम्बद्धता के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### सांची विश्वविद्यालय में नामांकन 15 तक

भोपाल, दोपहर मेट्रो। सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्र 15 दिसंबर तक नामांकन फॉर्म जमा कर सकते हैं। पूर्व में नामांकन इसकी आखिरी तारीख 31 अक्टूबर थी। विद्यार्थी नामांकन फॉर्म, माइग्रेशन प्रमाण पत्र और टीसी प्राप्त कर विभागाध्यक्ष से सत्यापन के बाद परीक्षा शाखा को जमा कर सकते हैं।

## 5 जनवरी तक जमा होंगे बीकॉम-बीएससी ऑनर्स के परीक्षा फॉर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बीयू के बीकॉम एवं बीएससी ऑनर्स प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 5 जनवरी है। लेट फीस के छात्र विद्यार्थी 9 जनवरी तक परीक्षा फॉर्म जमा कर सकेंगे। इसमें नियमित एवं एटीकेटी के विद्यार्थी शामिल हैं। बीयू द्वारा परीक्षा की तारीख जल्द जारी की जाएगी।

# हुकुमचंद मिल की तर्ज पर ही कर्मचारियों के डीए एरियर व श्रमिकों के भुगतान की मांग

**बुरहानपुर, सीहोर, बहादुरपुर आदि मिलों में भुगतान अटका**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के कर्मचारियों का महंगाई भत्ते का बकाया करोड़ों रुपए के एरियार का भुगतान अब उसी तर्ज पर करने की मांग उठी है जिसके तहत इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों का बकाया करोड़ों रुपए की राशि का भुगतान किया गया है। इसी तरह अन्य बंद मिल एवं फैक्ट्री के श्रमिकों को भी उनका लंबित करोड़ों रुपए का भी भुगतान किया जाए। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने इस आशय का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है। मंच अध्यक्षअशोक पांडे ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव की सकारात्मक मदद के बाद राज्य सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेकर हुकुमचंद मिल इंदौर के 6000 श्रमिकों का 30 साल से बकाया 464 करोड रुपए का भुगतान किया है अब हुकुमचंद मिल के श्रमिकों को किए गए भुगतान की तर्ज पर ही प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों का महंगाई भत्ते का 3 साल का बकाया 900 करोड रुपए का भुगतान करने का निर्णय भी लिया जाए। साथ ही तात्ती मिल बुरहानपुर बहादुरपुर सूट मिल दूध फैक्ट्री सागर शुगर मिल सीहोर एवं प्रदेश की अन्य दर्जनों मिल एवं फैक्ट्री के मजदूर का वर्षों से बकाया पारिश्रमिक पीएफ बीमा ग्रेजुटी पेंशनआदि का करोड रुपए की राशि का भुगतान भी अति शीघ्र किया जाए।



## सुविचार

''भगवान से कुछ मांगना है तो सद्बुद्धि मांगिए, बाकी सब अपने आप मिल जायेगा।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# बांटने वाली बात

भाषा या सूबाई विशेषताओं के नाम पर बंटवारा करने की कोशिश कभी उचित नहीं ठहराई जा सकती लेकिन दक्षिण भारत के कई नेता अक्सर ऐसे बयान देते देखे जाते हैं, जिनमें हिंदी भाषियों या उत्तर भारत के लोगों के प्रति अपमान या उपहास का भाव होता है। जबकि यही सच है कि दुनिया के किसी दर्शन में मेहनतकश लोगों का इस आधार पर उपहास उड़ाया नहीं जाता। सूचना तकनीक के क्षेत्र में रोजगार की अपनी अहमियत है, लेकिन किसी भी देश या राज्य के विकास में इमारतों से लेकर सड़कों के निर्माण या साफ-सफाई के काम की कम भूमिका नहीं। क्या इसके बिना कोई भी राज्य या देश खुद को विकास की कसौटी पर पूर्ण बता सकता है? लेकिन होता यह है कि तूल पकड़ने के बाद सफाई के तौर पर 'अलग आशय होने' जैसे बहाने की आड़ ले ली जाती है, मगर कुछ दिनों बाद फिर उसी तरह के बयान यही दर्शाने लगते हैं कि भारत के ही एक हिस्से के लोगों के प्रति दक्षिण भारत के कुछ नेताओं के भीतर एक विचित्र कुंठा और दुराग्रह मौजूद है। दरअसर अब ताजा मामला तमिलनाडू की सत्ताधारी पार्टी द्रविद्र मुनेत्र कषगम सांसद दयानिधि मारन के बयान का है, जिसमें उन्होंने इतना भी खयाल रखना जरूरी नहीं समझा कि जिन लोगों के बारे में वे अपने आग्रह दर्शा रहे हैं, वे शौक से नहीं, बल्कि मजबूरी में अपने परिवार का जीवन चलाने के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं। सुर्खियों में आए वीडियो में दयानिधि मारन ने कहा कि अंग्रेजी जानने वाले लोग सूचना तकनीक कंपनियों में मोटी तनख्वाह पाते हैं, जबकि उप्र बिहार से तमिलनाडु आने वाले हिंदीभाषी लोग या तो निर्माण कार्य करते हैं या फिर सड़क या शौचालय साफ करने जैसी छोटी-मोटी नौकरियां करते हैं। जाहिर है, उनके इस बयान के बाद एक बड़े तबके में भारी नाराजगी पैदा हुई, जो देश के भीतर भाषा, क्षेत्र और समुदाय के आधार पर विभाजन पैदा करने की कोशिशों का विरोध करते हैं। हालांकि इस मसले पर उठे विवाद के बाद द्रमुक ने इसे दयानिधि का पुराना बयान बताया, मगर सवाल है कि क्या किसी भी तर्क पर हिंदी भाषा और प्रवासी मजदूरों पर इस तरह की अपमानजनक और एक ब? तबके की मेहनत को खारिज करने वाले बयान को उचित ठहराया जा सकता है? हिंदीभाषियों को लेकर ऐसे नेताओं का पूर्वाग्रह क्या देश की एकता की भावना को चोट नहीं पहुंचाता है? क्या वजह है कि अक्सर दक्षिण भारत और खासकर तमिलनाडु के नेता उत्तर भारत और हिंदीभाषी लोगों के बारे में ऐसे अपमानजनक बयान देते रहते हैं? संभव है कि यह उन्हें अपनी स्थानीय राजनीति को बचाने का जरिया लगता हो, लेकिन एक बड़े तबके के प्रति उपेक्षा या उपहास का भाव दर्शा कर वे अपनी विचारधारा और राजनीति की किस सीमा को जाहिर करते हैं। विडंबना है कि दयानिधि मारन जिन तबकों को कमतर बता रहे थे, राज्य में उनकी पार्टी उनके हित में ही सामाजिक न्याय का दावा करती है। बिहार और उत्तर प्रदेश से अगर कुछ लोग तमिलनाडु जाकर अपनी जीविका चलाने के लिए मेहनत-मजदूरी करते हैं, तो उन्हें किस तर्क और विचार के आधार पर कमतर माना जाना चाहिए? मेहनत-मजदूरी के काम को इस तरह हेय बता कर क्या श्रम के आधार पर व्यक्ति और समुदाय की पहचान का श्रेणीकरण नहीं किया जाता है? किसी भी भाषा, काम या पेशे को सम्मान देने से उस पहचान से जुड़े लोगों के दायरे का विस्तार होता है। फिर इस देश में हिंदी की जो जगह रही है, उसमें इसके प्रति नाहक दुराग्रह पालने वाले लोग कभी कुछ हासिल नहीं कर पायेंगे।

## निशाना

### आंकना ना कम !



– कृष्णेन्द्र राय

होने लगे दावे ।
बहने लगी बयार ।।
जीतेगा गठबंधन ।
तय मिलना है प्यार ।।
आंकना ना कम ।
ला रहे सुधार ।।
सजग हो कर उनसे ।
रहना खबरदार ।।
है कोशिश भरपूर ।
एड़ी चोटी ज़ोर ।।
देख कर ये दुर्दशा ।
हुए भावविभोर ।।
देकर एक मौका ।
लें हमको संभाल ।।
वरना होंगे सारे ।
और भी बेहाल ।।

## आज का इतिहास


- **1703** : जापान की राजधानी टोक्यो में आए भूकंप से 37 हजार लोगों की मौत।
- **1706** : पुद्दुचेरी के संस्थापक और भारत में फ्रांसीसी उपनिवेश के पहले गवर्नर जनरल मार्टिन का निधन।
- **1803** : ब्रिटेन की ईस्ट इंडिया कंपनी ने दिल्ली, आगरा और भरूच पर नियंत्रण किया।
- **1861** : अमेरिकी बैंक ने सोने पर भुगतान रोक दिया।
- **1865** : सुप्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यासकार, कवि और पत्रकार रुडयार्ड किपलिंग का बंबई में जन्म।
- **1870** : स्पेन के प्रधानमंत्री की हत्या।
- **1873** : अमेरिका के न्यूयार्क में माप तौल के लिए मेट्रोलॉजिकल सोसायटी का गठन।
- **1906** : ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना।
- **1919** : लंदन में वकालत के लिए प्रथम महिला विद्यार्थी का प्रवेश।
- **1922** : सोवियत संघ (यूएसएसआर) की स्थापना।
- **1935** : प्रथम भारतीय शतरेंज मास्टर मैनुअल आरो का जन्म।
- **1938** : वीके ज़ोर्किन ने इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन प्रणाली का पेटेंट कराया।
- **1943** : स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में भारत की आज़ादी का झंडा लहराया।
- **1947** : रोमानिया के नरेश के त्यागपत्र के साथ देश में राजशाही का अंत और लोकतंत्र की स्थापना।
- **1949** : भारत ने चीन को मान्यता दी।
- **1971** : प्रख्यात वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का त्रिवेन्द्रम में निधन।
- **1975** : हिन्दी के कवि दुष्यंत कुमार का निधन।
- **1979** : पश्चिम अफ्रीकी देश टोगो ने संविधान अपनाया।
- **1993** : वेटिकन ने इजराइल को मान्यता दी।
- **1993** : इज़राइल और वेटिकन ने राजनयिक संबंध स्थापित किए।

# भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां देकर जा रहा है 2023, दुनिया में बजा डंका

**सुरेंद्र कुमार**

दुनिया के कई हिस्सों में व्याप्त अशांति के बावजूद भारत ने वर्ष 2023 में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह न केवल दुनिया में सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया, बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई ब्रिटेन को पछाड़ते हुए दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। अनुमान है कि यदि पहले नहीं, तो 2030 तक यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।भारत ने 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसके तहत 60 विभिन्न जगहों पर 250 से ज्यादा बैठकें हुईं, अफ्रीकी संघ को पूर्ण सदस्यता मिली और पहले ही दिन दुनिया भर के नेताओं ने दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति व्यक्त की। जी-20 की अध्यक्षता समाप्त होने से पहले पहली बार भारत ने एक आभासी शिखर सम्मेलन की भी मेजबानी की। प्रधानमंत्री मोदी ने क्वाड, जी-7, आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भागीदारी की और आभासी रूप से शंघाई सहयोग संगठन की एक एवं वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ के दो शिखर सम्मेलनों की मेजबानी की। उन्होंने अमेरिका की सफल राजकीय यात्रा की और अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को दूसरी बार संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने। भारत संतुष्ट हो सकता है कि उसकी ऊर्जा प्रणाली में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी 43 फीसदी (172 गीगावॉट) से अधिक हो गई है और वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन की तीव्रता 45 फीसदी कम हो जाएगी, जैसा कि ग्लासगो जलवायु शिखर सम्मेलन में वादा किया गया था।

मालदीव में नई सरकार का नेतृत्व मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जो चीन समर्थक हैं। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने और अपना हेलिकॉप्टर वापस लेने के लिए कहा है। भारत को इस छोटे, मगर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी से सावधानीपूर्वक निपटना होगा।चीन के साथ हमारे कामकाजी रिश्ते बने हुए हैं-हम ब्रिक्स, एससीओ एवं जी-20 शिखर सम्मेलनों में भाग ले रहे हैं। चीन के हांगझोउ में हुए एशियाई खेल में भारत ने 100 से ज्यादा पदक जीते। चीन और भारत के बीच कमांडर स्तर की 20 दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर से चीनी सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। अपने चीनी समकक्ष के साथ बात करते हुए हमारे विदेश मंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि जब तक सीमा विवाद का पूरी तरह से समाधान नहीं होता, तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते।




**मालदीव में नई सरकार का नेतृत्व मोहम्मद मुइज्जू कर रहे हैं, जो चीन समर्थक हैं। उन्होंने आधिकारिक रूप से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस बुलाने और अपना हेलिकॉप्टर वापस लेने के लिए कहा है। भारत को इस छोटे, मगर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पड़ोसी से सावधानीपूर्वक निपटना होगा।**

बांग्लादेश, नेपाल और भूटान में चीन की पैठ पर सख्त नजर रखने की जरूरत है। विगत नवंबर में प्रधानमंत्री मोदी एवं शेख हसीना ने आभासी रूप से सीमा पार अखौरा-अगरतला रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जो पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश से जोड़ता है। इससे अगरतला और कोलकाता के बीच की यात्रा का समय भी कम होगा। जी-20 शिखर सम्मेलन से अलग भारत-बांग्लादेश ने तीन सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

पाकिस्तान के साथ संबंध अभी अनिश्चित बने हुए हैं, लेकिन अफगानिस्तान को भारत की मानवीय सहायता जारी है। एक राष्ट्र के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मणिपुर में जो हुआ, वह फिर कभी न हो। भारत के ओलंपिक विजेताओं को अपनी आवाज सुनाने के लिए हफ्तों तक धरने पर नहीं बैठना पड़ता, उनकी चिंताओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है, वे सम्मान के पात्र हैं। पन्नून के कारण भारत और अमेरिका के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी पटरी से उतरने की संभावना नहीं है। कनाडा खालिस्तानी कट्टरपंथियों का स्वर्ग बन गया है। अमेरिका और कनाडा, दोनों को खालिस्तानी कट्टरपंथियों पर लगाम लगानी चाहिए, जो भारतीय राजनयिकों को धमकी दे रहे हैं। भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# कला के अच्छे दिन

## दुनिया के बड़े चित्रकारों की भारत के बाजार में बढ़ी दिलचस्पी

**मनीष पुष्कले**

भारतीय समकालीन चित्रकला के संदर्भ में यह वर्ष चार विशेष कारणों से हमारी स्मृति में अपना अलग स्थान बनाता है। पहला कारण कलाओं के अंतरराष्ट्रीय बाजार से, दूसरा और तीसरा कॉरपोरेट जगत की एक अलग पहल से और चौथा एक सरकारी उपक्रम से संबंधित है। यह सुखद संयोग था कि इस वर्ष की शुरुआत में पेरिस स्थित पंपेडू सेंटर में हमारे विश्व प्रसिद्ध चित्रकार सैयद हैदर रजा की एक पूर्वव्यापी प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। यह प्रदर्शनी सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं थी कि विदेश के एक सर्वोच्च संग्रहालय में यह किसी भारतीय चित्रकार की प्रदर्शनी थी, बल्कि, इसका अभूतपूर्व महत्व यह है कि इस प्रदर्शनी के कारण वैश्विक कलाओं की दुनिया के विशेष पारिस्थितिकी तंत्र का भारतीय चित्रकारों पर अंततः ध्यानाकर्षण हुआ है। इस प्रदर्शनी का तात्कालिक परिणाम यह हुआ कि रातों-रात रजा भारतीय समकालीन कला के सबसे महंगे कलाकार बन गए। इस प्रदर्शनी के बाद एक नीलामी में रजा का एक चित्र रिकॉर्ड 55 करोड़ रुपये में बिका।

अब इस साल से विदेशी बाजार का यह सिलसिला अन्य भारतीय कलाकारों के साथ भी चल पड़ा है। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय कला, जो अभी तक मूलतः देश और विदेश में बसे भारतीय संग्राहकों के कंधों पर ही खड़ी थी, इस प्रदर्शनी के बाद अचानक नए अंतरराष्ट्रीय बाजार की हद में आकर नया विस्तार पाती दिख रही है। हालांकि, भारतीय चित्रकला का बाजार अब भी चीन, अमेरिका या यूरोप की तुलना में बहुत कम है, लेकिन कला बाजार के इस खेल में स्थापित पुराने विदेशी खिलाड़ियों की दिलचस्पी लेना भारतीय चित्रकला के आगामी आगाज का सूचक है। भारतीय कला बाजार ने कला के अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों की दुनिया में अपनी दस्तक दे दी है।



अब दूसरे पहलू पर बात करें। पिछले महीने मुंबई में एक नए कला मेले की शुरुआत हुई है। प्रसिद्ध नीलामी घर सैफ्रॉन आर्ट की पहल पर मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में इस मेले की शुरुआत हुई है। अभी तक दिल्ली में 'इंडिया आर्ट फेयर' होता था, और इसके कारण पिछले एक दशक से भारत में दिल्ली ही एक प्रकार से समकालीन कला का केंद्र था। यह सभी जानते हैं कि कुछ दशकों पहले तक एकमात्र मुंबई शहर ही कलाकारों के लिए आर्थिक दरवाजों का शहर था, बहुत से बड़े संग्राहक सबसे पहले मुंबई से ही थे। मुंबई में हुए इस बेहद सफल कला मेले ने दिल्ली की केंद्रीयता को भेद दिया है और भारत जैसे बड़े देश के कला जगत के लिए यह विकेंद्रीकरण अच्छा ही है। तीसरी बड़ी पहल मुंबई में रिलायंस ग्रुप द्वारा प्रदत्त नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय मानदंडों से लैस यह केंद्र अपनी शुरुआत से ही एक अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है। इस केंद्र की पहली प्रदर्शनी ने ही जेफ कूंस, एन्सलेम कीफर, अनीश कपूर जैसे दुनिया के अनेक बड़े कलाकारों को भारत की ओर मुड़ने के लिए बाध्य कर दिया है। यह केंद्र एक प्रकार से भारत में ही भारत को दुनिया से जोड़ने की एक कोशिश है, यह महत्वपूर्ण है।दिल्ली में किरण नादर संग्रहालय का नया परिसर भी भारतीय कला जगत में नया अध्याय जोड़ने वाला है, यह संभवतः किसी कॉरपोरेट द्वारा संचालित आधुनिक कला का सबसे बड़ा संग्रहालय होगा। वहीं, कोच्चि बिनाले ने अगर दक्षिण और दिल्ली आर्ट फेयर ने उत्तर भारत को ठिकाना बनाया है, तो ऐसे में इन दोनों उपक्रमों से मुंबई को भी अपनी खोई उपस्थिति वापस मिली है। हालांकि भारत जैसे विशाल देश के लिए यह भी कम है, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले कुछ वर्षों में बंगाल और गुजरात में भी कॉरपोरेट जगत की कला-केंद्रित कुछ बड़ी पहल हो सकती है। चौथा, भारत के संस्कृति मंत्रालय की पहल से इस साल से दिल्ली के लाल किले में वास्तु शास्त्र बिनाले की शुरुआत हुई है। वेनिस, शिकागो, इस्तांबुल, हांगकांग और लिस्बन जैसे आर्किटेक्चर बिनाले की तर्ज पर अब सरकारी स्तर पर भारत में भी एक बिनाले की कल्पना की गई है। हालांकि आनन-फानन में किया गया यह बिनाले अपनी परिकल्पना और कार्यान्वयन के स्तर पर अपने पहले संस्करण में कमजोर था, फिर भी इस बिनाले का स्वागत होना चाहिए। संभवतः, आने वाले समय में भारत, जो दुनिया भर में अपने वास्तु-वैविध्य के कारण भी जाना जाता है, इस बिनाले के निमित्त और उसकी परिकल्पना के सही संचालन से एक नई पहचान पा सके।

**साभार:** लेखक- समकालीन भारतीय कला क्षेत्र के सम्मानित चित्रकारों में से एक। मूलतः जियोलॉजिस्ट के तौर पर शिक्षित, एब्स्ट्रैक्ट पेंटर, रजा फाउंडेशन से संबद्ध।)

## संकट मोचन हनुमान मंदिर अमलाडा कला में बाबा रामदेव कथा का शुभारंभ



**सिवनी मालवा।** बाबा रामदेव महाराज की पावन पुनीत कथा अमृत का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ एवं बडे जोर शोर से असंख्य भक्तों के साथ नाचते गाते ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा श्री संकटमोचन मंदिर से प्रारंभ होकर कथा पंडाल मे पहुची। कथा के प्रथम दिवस की कथा मे पंडित राकेश दीक्षित महाराज ने अपनी मनमोहक वाणी से बाबा रामदेव महाराज की जीवन लीला एवं राजस्थान की महिमा का वर्णन किया और सुदंर सुदंर भजनों से सबका मन मोह लिया वही उन्होंने संदेश दिया की भगवान श्याम सुंदर की कथा से हम भी अपने मन मंदिर को सुदंर बनाए और आनंद से जीवन जिए और जीने दे।

## विधायक ने किया नर्मदा परिक्रमा वासियों का स्वागत



सिवनी मालवा। विधायक प्रेम शंकर वर्मा के गृह ग्राम बघवाडा में विधायक ने नर्मदा परिक्रमा वासियों का स्वागत कर नर्मदा परिक्रमा यात्रा की शुभकामनाएं दी आपको बता दें कि पूरी नर्मदा परिक्रमा के दौरान सिवनी मालवा विधानसभा के अधिकतर रास्तों से गुजर कर ही नर्मदा परिक्रमा की यात्रा संपन्न होती है।

### आरटीओ की मेहरबानी से धड़ल्ले से दौड़ रहे अनफिट वाहन

# आरटीओ ने की बसों में सघन जांच, चालानी कार्यवाही, टैक्स बकाया पर बस जप्त




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश अनुसार आरटीओ श्रीमति निशा चौहान तथा आरटीओ जांच दल द्वारा नर्मदापुरम जिले के इटारसी में तथा नर्मदापुरम शहर के बस स्टैंड सहित विभिन्न मार्गो पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जांच में विभिन्न वाहनों बसों, छोटे यात्री वाहन तथा व्यवसायिक वाहनों के दस्तावेजों तथा वाहनों की सही स्थिति की सघन जांच की गई, जांच के दौरान एक यात्री बस एमपी 04पीए 7777 पर 1.50 लाख टैक्स बाकी पाए जाने पर जप्त कर परिवहन कार्यालय में खड़ा करवाया गया, इसके अतिरिक्त अन्य जांच में मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, अत्यधिक यात्री तथा कागजातो की पूर्ति में कमी पाए जाने पर चालानी कार्यवाही करते हुए 8 चालानों से 6500 राशि वसूली गई, आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा जिले की प्रत्येक बसों तथा सभी प्रकार के यात्री वाहनों की लगातार जांच की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर सख्त चालानी कार्यवाही साथ - साथ जप्ती तथा परमिट, फिटनेस निरस्त की कार्यवाही की जाएगी, प्रत्येक वाहन स्वामी अपने वाहनों की कमियों को पूर्ति करने के बाद ही सड़क मार्ग पर अपने वाहनों को संचालित करे, जांच दल में आरटीओ अधिकारी के साथ समस्त जांच दल शामिल रहा ।

### शिकायत के बाद भी नहीं होती करवाई.. जब दुर्घटना होगी तब जागेगा प्रशासन..

जिले में सैकड़ो की संख्या में ऐसे वाहन हैं जो माल वाहक वाहन के रूप में सड़कों पर दौड़ रहे हैं.अनफिट इन वाहनो से कभी भी दुर्घटना हो सकती है। कहने को आरटीओ कार्यालय द्वारा इन वाहनों की जांच होती है लेकिन जांच कब होती है जब रोड पर कोई दुर्घटना हो जाती है। बाबा ट्रांसपोर्ट का एक वाहन तो इतना कंडम है कि वह जब चलता है तो उसके पुर्जे पुर्जे आवाज करते हैं. यह वाहन कब पलट जाए कोई कुछ नहीं कह सकता।

### ऐसे एक नहीं दर्जनों वाहन जिले की सड़कों पर दौड़ रहे हैं



परिवहन विभाग द्वारा नाम मात्र को अनफिट वाहनों की जांच की जाती है. कुल मिलाकर परिवहन कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोल वाला है. एक बाबू से लेकर अधिकारी तक धन कमाने में व्यस्त है। गत वर्ष आरटीओ कार्यालय द्वारा नियम के विरुद्ध एक वाहन को जप्त करने के मामले में आरटीओ को हाई कोर्ट के जज ने खरी खोटी सुनाई. एक अधिकारी को परिवहन संबंधी कानून का ज्ञान ना होना बड़े अफसोस की बात है।

## निर्देश: वंचित हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं, चालू एवं बकाया वसूली पूर्ण की जाए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान योजना की निकायवार समीक्षा कर सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों के शेष सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जाएं। सभी निकायों में कैप लगाकर अगले 5 दिवस में सभी पात्रों के कार्ड बनाएं। इसी प्रकार प्राप्त आयुष्मान कार्ड का भी वितरण हितग्राहियों को कराएं। जिन हितग्राहियों के ईकेवाईसी नहीं हुआ हैं उनका ईकेवाईसी कराया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैंको से समन्वय कर योजनांतर्गत प्रकरण स्वीकृत और वितरित कराने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश सभी सीएमओ को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह निकायवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने आगामी 15 दिवस में चालू और बकाया वसूली में 50 प्रतिशत तक प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि फरवरी माह के मध्य तक वसूली कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने मांस मछली दुकानों के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरों में पार्क निर्माण और वाटरबॉडी के संबंध में व्यवस्थित डीपीआर बनाएं। ताकि वास्तविक रूप से इसका लाभ आमजन तक पहुंच सके। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने मां नर्मदा लोक, ट्रेंचिंग ग्राउंड, सीवरेज लाइन एवं मीनाक्षी चौक चौड़ीकरण आदि कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की।

## ग्राम पंचायत रोजगार सहायक के साथ हुई मारपीट कार्रवाई करने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

बीते रोज सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत थूआ में पंचायत के रोजगार सहायक संतराम लोबांसी के साथ मारपीट करने का एक मामला सामने आया। गांव के ही अशोक पिता अनोखी लाल लोबांसी सतराम लोबंसी ने ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक जब अपना शासकीय कार्य कर रहा था इस दौरान गाली गलौज कर कार्यालय में रखा लैपटॉप तोड़ दिया वही कार्यालय में रखे कागजात एवं जरूरी रजिस्टर भी फाड़ कर हंगामा खड़ा कर दिया। बात यही नहीं रुकी जब रोजगार सहायक दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय से अपने घर जा रहा था इस दौरान स्कूल के सामने अशोक और अनोखी लाल लोबांसी ने रोक कर गंदी-गंदी गाली दे कर अनोखी लाल ने डंडे से रोजगार सहायक की पिटाई लगा दी तो अशोक ने ईट उठाकर उसके सिर पर दे मारी जिससे रोजगार सहायक के सिर में गंभीर छोटी आई है। इस बात की शिकायत रोजगार सहायक संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि आरोपियों के ऊपर सख्त कार्रवाई की जाए वही इस मामले की पुलिस थाने में भी फरियादी रोजगार सहायक की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 341, 294,323,427,506,34 कायम कर अपनी विवेचना में लिया।

## जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष थापक को दूसरी बार अध्यक्ष बनाने की तैयारी



**नर्मदापुरम।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव होने वाले हैं. चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है. वैसे तो अध्यक्ष बनने को लेकर कई उम्मीदवार मैदान में आने को बेताब है. लेकिन वर्तमान अध्यक्ष एवं जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता के के थापक को दोबारा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बनाने के लिए अधिवक्ताओं में चर्चा का दौर जारी है। दो बार शासकीय अधिवक्ता रह चुके श्री थापक की पहचान एक समाज सेवी एवं परमार्थी अधिवक्ता के रूप में विख्यात है. दीन दुखियों एवं जरूरतमंदों को न्याय सुलभ कराने में उनकी भूमिका हमेशा सकारात्मक देखी गई है। शासकीय अधिवक्ता के रूप में उनका कार्यकाल निर्विवाद रहा. जिलाअधिवक्ता संघ का उनका वर्तमान कार्य भी सफलतापूर्वक जारी है।जिला न्यायालय के परोपकारी अधिवक्ताओं का कहना है कि थापक जी को ही पु- अध्यक्ष बनाने के लिए हम लोग तत्पर हैं. और हमें उम्मीद है कि जिला न्यायालय के अधिकांश अधिवक्ता थापक जी का सपोर्ट करेंगे और उन्हें दोबारा अध्यक्ष पद पर सुशोभित करेंगे। जिलाअधिवक्ता संघ के चुनाव जनवरी में होने वाले हैं. अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर जब श्री थापक से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि साथी अधिवक्ताओं की इच्छा मुझे दोबारा अध्यक्ष बनाने की है।

## नर्मदा कॉलेज में शुरू किया गया कॉलेज चलो अभियान



**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार गुरुवार से शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम की नोडल टीम ने कॉलेज चलो अभियान के तहत स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय जुमेराती के 12 वी कक्षाओं के छात्रों और स्टाफ से संपर्क किया।टीम द्वारा महाविद्यालय में चल रहे पाठ्यक्रमों और शासन की लाभकारी योजनाओं से अवगत करवाया। ताकि महाविद्यालय में अधिकाधिक प्रवेश लेने हेतु छात्रों को प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी कि अभियान के प्रभारी डॉ बी. एल राय, डॉ एस के उदयपुरे और शाहिद खान हैं। इस के तहत पूर्व में विद्यालयों के प्राचार्य एवं स्टाफ से संपर्क किया गया।और विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति, एनसीसी, एन एस एस,के साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभिन्न नये विषयों के समूह चयन, कैरियर प्लेसमेंट, परीक्षा पैटर्न के बारे में विस्तृत रुप से बताया गया।

**मेट्रो एंकर**

### तैयारी को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा 1 जनवरी को करेगी प्रवेश

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर विधायक प्रेम शंकर वर्मा,नपा अध्यक्ष रितेश जैन,एसडीम प्रमोद सिंह गुर्जर, सीएमओ शीतल भलावी एवं सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें 1 जनवरी 2024 को सभी विभागों के संयुक्त सहयोग से शासन के निर्देश अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सिवनी मालवा शहरी क्षेत्र में यात्रा का प्रवेश होगा।

स्वागत प्रधानमंत्री का संदेश,संकल्प वीडियो फिल्म प्रदर्शन,मेरी कहानी मेरी जुबानी,ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्मान आदि आयोजित किए जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से नगरीय क्षेत्र में शासन से संबंधित योजनाएं जिनमे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्र लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया स्टैंड अप इंडिया, पीएम आयुष्मान भारत योजना, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन,अमृत योजना, पीएम जन औषधि योजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान, खेलो इंडिया, आरसीएस उड़ान, वंदे भारत ट्रेन और अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किए जाएंगे। बैठक में विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नपा अध्यक्ष रितेश जैन, एसडीम प्रमोद सिंह गुर्जर, सीएमओ शीतल भलावी, मुख्य



लिपिक संजय गोयल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गौर, पार्षद अखिलेश खेमचंद चौकसे, सरिता प्रदीप अग्रवाल, रचना अयूब लहरी, प्रशांत यादव, गीता बाई तुलसीराम कुशवाहा, अनुराधा दीपक दीक्षित, ईश्वर दास जमीदार, दुर्गेश उईके, सुनीता सुरेश सूर्यवंशी,किरण शिव राठौर दीपक वाथव, स्वच्छता निरीक्षक डॉक्टर प्रशांत कुमार शर्मा, राजस्व उप निरीक्षक अमर सिंह उइके,सचिन मलैया एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। नपा अध्यक्ष रितेश जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री ओर मुख्यमंत्री की मनसा अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है जिसमें शासन से संबंधित योजनाओं का प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इसके लिए बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सिवनी मालवा शहरी क्षेत्र में 1 जनवरी को यह यात्रा प्रवेश करेगी मैं शहर के सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वह अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन से संबंधित योजनाओं का लाभ ले।



### लोग बोले साहब मेरा घर मत तोड़ो



### सिरोंज प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी मुहिम जारी

# दस डिग्री तापमान में खुले आसमान के नीचे गुजारी रात

सिरोंज,सईद खान।

**सिरोंज शहरी क्षेत्र में इन दोनों प्रशासन अतिक्रमण विरोधी मुहिम चल रहा है विगत 15 दिन से शहर में शासकीय भूमि पर बने कच्चे और पक्के मकानों को ध्वस्त किया जा रहा है इसी संदर्भ में कल अतिक्रमण का अमला शहर के वार्ड क्रमांक 21 लटेरी तिराहे पर पहुंचा जहां भारी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी पुलिस प्रशासन ने अनुविभागी अधिकारी हर्षल चौधरी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाया इस दौरान लोग अफसर के सामने हाथ जोड़कर घर न तोड़ने की अपील कर रहे थे लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी और चंद लम्हों में इलाके को खंडहर में तब्दील कर दिया स्थानीय लोगों का कहना है कि हमारे पास पट्टे के कागज भी है फिर भी प्रशासन ने हमारे घरों को तोड़ दिया**



### खुले में गुजारनी पड़ी रात

गुरुवार को हुई कार्यवाही के बाद दोपहर मेट्रो की टीम ने आज कल सुबह पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया लटेरी रोड तिराहे पर आज सुबह का तापमान लगभग 10 डिग्री था पूरे इलाके को कोहरे ने अपनी आगोश में ले रखा था कड़कड़हाटी ठंड और जबरदस्त कोहरे के बीच पीड़ित लोगों ने खुले आसमान के नीचे रात बिताई पीड़ित परिवारों में महिला पुरुषों के अलावा वृद्ध और बच्चे भी थे वही कुछ लोग बीमारी की अवस्था में भी देखे गए





### खिलौने समेट रहे थे बच्चे

प्रशासन की इस अतिक्रमण विरोधी मुहिम के दौरान भावुक कर देने वाली तस्वीर भी देखने को मिली जहां एक और परिवार के सदस्य अपने घरों से गृहस्ती का सामान बाहर निकलते दिखाई दिए तो वही उनके नन्हे मुन्ने बच्चे अपने खिलौने समेटे दिखाई दिए

### मिट्टी के बर्तन बनाकर चलते हैं अपना परिवार

अतिक्रमण की जड़ में आए अधिकांश परिवार प्रजापति समाज से आते हैं जो की मिट्टी के बर्तन बनाकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं इस दौरान बड़ी संख्या में मिट्टी के बर्तन का स्टॉक रखा हुआ था आनंफानन में परिवार के लोगों ने पहले तो अपने मिट्टी के बर्तनों को एक जगह शिफ्ट किया इसके बाद अपनी गृहस्थी का सामान निकाला फिर प्रशासन का बुलडोजर आया और चंद लम्हों में उनके आशियानों को खंडहर में तब्दील कर दिया

### पट्टे की जमीन को हाथ नहीं लगाया ट्ट एसडीएम

कार्यवाही के दौरान रहवासियों का साफ तौर पर कहना था कि प्रशासन की कार्यवाही सही नहीं है जिन जगहों पर सरकार ने हमें पट्टे दिए थे उन जगहों पर हमने अपने घर बनाए हैं लेकिन प्रशासन उनको भी हटा रहा है वहीं एसडीएम हर्षल चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पट्टे की जमीन को पहले ही चिन्हित कर लिया गया है इसके अलावा जो शासकीय भूमि पर अतिक्रमण है हम सिर्फ उन्हीं को हटा रहे हैं

### कांग्रेस नेता गगनेंद्र रघुवंशी पहुंचे मिलने

अतिक्रमण की चपेट में आए पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए कांग्रेस नेता एवं विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से रहे प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी मिलने पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम हर्षल चौधरी से फोन पर बात की उन्होंने इन पीड़ित परिवारों के लिए प्रशासन से जगह की मांग की

---

### जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक

# चरण सिंह दांगी की जांच के लिए सामाजिक संस्था ने अनुविभागीय अधिकारी को दिया आवेदन

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली स्वैच्छिक संस्थाएं समितियां एवं जन अभियान परिषद के द्वारा बनाई गई प्रस्फुटन समिति और नवांकुर संस्थाओं के लिए विकासखंड स्तर पर सिरोंज में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी पिछले 6 वर्ष से भी अधिक समय से सिरोंज में पदस्थ हैं लेकिन आज दिनांक तक उन्होंने अपना कार्यालय किसी शासकीय भवन में स्थापित नहीं किया और ना ही सामाजिक संस्थाओं से समन्वय बनाने का काम सिरोंज में किया कुछ इस तरह के आरोप जन अभियान परिषद में नवांकुर संस्था के रूप में कार्यरत संस्था तेजस समाज सेवा समिति ने एक शिकायती पत्र अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज के नाम देकर लगाये है। सामाजिक संस्था तेजस समाज सेवा समिति ने अनुवीभागीय अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में जन अभियान परिषद के कार्यालय स्थापित न करने के साथ ही कार्यालय उपयोग में आने वाली उपकरणों एवं सामग्री को निजी उपयोग में लेने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही प्रस्फुटन समितियां को मिलने वाली 5000 की राशि में से तकरीबन 2000 की राशि विकासखंड समन्वयक द्वारा बोर्ड के नाम पर समितियां से वसूली गई एवं समितियां को बोर्ड उपलब्ध नहीं करवाए गए। विकासखंड समन्वयक द्वारा फर्जी तरीके से फील्ड विजिट बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू कक्षाओं का संचालन एवं त्रैमासिक मासिक बैठकों के बिलों के भुगतान का भी मुद्दा उठाकर जांच करने का अनुरोध एसडीएम सिरोंज से किया है।

# कोहरे के आगोश में शहर, तेज ठंड का दौर शुरू

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



आज शुक्रवार की सुबह समूचा शहर कोहरे की आगोश में दिखाई दिया तेज ठंड के कारण अधिकांश लोगों ने घरों में रहना ही उचित समझा और सड़कें सुनसान दिखाई दी वहीं वाहन चालकों को भी समस्या का सामना करना पड़ा तेज कोहरे की वजह से वाहनों की गति पर भी ब्रेक लग गया , इतना ही नहीं सुबह के समय संचालित यात्री बसों में भी इक्का दुक्का यात्री ही बैठे देखे,जो लोग बाजारों में आ गए थे वह अलाओ में अपने आप को सेंकते दिखाई दे रहे थे

मध्य प्रदेश मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आज से तीन दिनों तक अफगानिस्तान और ईरान के पास एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हुआ है, जिसके कारण अभी दिन और रात के तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट देखने को नहीं मिलेगा. लेकिन अभी प्रदेश में बारिश होने की सम्भवना नहीं है, जैसे ही हवाओं के रुख में परिवर्तन आएगा, प्रदेश में फिर से एक बार तेज ठंड का दौर शुरू होगा. प्रदेश में अभी रात के तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की तेजी आने की सम्भवना है, वहीं दिन का अधितम तापमान सामान्य से दो डिग्री तक बढ़ने की संभावना है और जैसे ही यह वेदर सिस्टम कमजोर पड़ेगा और उत्तरी हवाएं फिर से तेजी पकड़ेंगी. प्रदेश में कड़ाके की ठंड शुरू हो जाएगी, जिसके चलते जनवरी के पहले सप्ताह तक मौसम में ठंड बरकरार रहेगी।

### रातों-रात बनी सड़क, दिखाई देने लगी चौड़ी जगह

**सिरोंज।** एसडीम हर्षल चौधरी के द्वारा शहर में हटकर अपने काम को अंजाम दिया जा रहा है। इसकी वजह से बलेज पेट्रोल पंप के सामने वाली सड़क को इतना चौड़ा कर दिया कि यहां पर कई वाहन निकालने जाएं फिर भी जाम की समस्या निर्मित नहीं होगी नहीं तो पहले यहां पर अतिक्रमण होने के कारण दिनभर जाम के हालात बने रहते थे। दूसरी ओर एसडीएम हर्षल चौधरी और एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने बुधवार को खड़े होकर यहां पर हो रहा है अतिक्रमण को हटवा कर रातों-रात सड़क भी कब्रिस्तान वाले मोड पर बनवा दी इसी तरह दूसरे कोने पर भी सड़क डाल जाएगी तो यहां पर रास्ता काफी चौड़ा हो जाएगा यह काम पहली करवाने की हिम्मत इन अधिकारियों ने करके दिखाइए । यहां का क्षेत्र काफी चौड़ा चौड़ा नजर आने लगा है दिनभर लोगों की यहां पर भीड लगी रही।

# श्मशान घाट की विवादित जगह पर तार फेंसिंग करने पर विवाद, प्रशासन ने रुकवाया कम

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



इस जमीन को कचिया मसान समिति श्मशान घाट की कहती है उसी जमीन को एक व्यक्ति अपनी बात का तार फेंसिंग का काम करने लगा तो बड़ा विवाद हो गया फिर प्रशासन ने इस काम को रखवाया तब जाकर मामला शांत हो पाया। जमीन का मामला तहसील तथा कोर्ट में चल रहा है जमीन को जिसको लेकर मसान के सदस्यों के द्वारा लगातार आरोप लगाए जाते हैं कि यह जमीन श्मशान घाट की है गलत तरीके से जमीन को खरीद कर हथियाने की कोशिश की जा रही है ।इस वजह से यहां पर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। अतिक्रमण हटाने के बाद जैसे ही इस जमीन को खरीदने वाले व्यक्ति ने तार फेंसिंग करने का काम प्रारंभ किया तो शमशान घाट समिति के लोगों ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया लोगों की भीड़ व विरोध को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल तार फेंसिंग पर रोक लगाने की बात करते हुए विवाद को शांत कराया काफी देर तक थाने में समिति के सदस्यों से एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी चर्चा करते रहे उन्होंने ने कहा कि विवाद नहीं होना चाहिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन अपना काम कर रहा है। हम इसमें किसी का कोई पक्ष नहीं कर रहे हैं हमने अतिक्रमण हटाया है और सड़क को चौड़ा करवा रहे हैं।

---

**मेट्रो एंकर** | यात्रा के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा हितग्राहियों को लाभान्वित करने का बेहतर माध्यम: सांसद सोलंकी

सीहोर, दोपहर मेट्रो।




प्रदेश के साथ ही जिले में भी शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों तथा नगरीय क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जा रहे है और अनेक विभागों द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है।

आष्टा जनपद की ग्राम पंचायत वैजनाथ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में देवास-शाजापुर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री महेन्द्र सिंह सोलंकी शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा हितग्राहियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का सुलभ माध्यम बनी है। यात्रा के तहत हितग्राहियों को गांव में ही समस्त योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और अधिकारियों द्वारा लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि जिलेभर में गांव-गांव तथा नगरीय क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। सभी हितग्राही इस यात्रा में आयोजित होने वाले कैम्पो में आकर शासन की योजनाओं की जानकारी ले और पात्रता अनुसार योजनाओं का लाभ ले।

---


## न्यायालय अपर आयुक्त, भोपाल संभाग, भोपाल

प्र.क्र. 623/अपील/17-18 — भोपाल, दिनाक 26.12.2023

एजाज गिया एवं 14 अन्य --- अपीलार्थी

विरूद्ध

चांद मिया एवं 21 अन्य -- प्रतिअपीलार्थीगण

**पेपर प्रकाशन हेतु सूचना-पत्र**

प्रति,
1 अकबर मिया आत्मज लईक खा निवासी मोहल्ला मत्थापुर सिरोज विदिशा।
2. मोहसिन खा आत्मज शमशुद्दीन खा
3 नसीर खां आत्मज शमशुद्दीन खा
4 हसीना बी पुत्री शमशुद्दीन खा
5. गोपीबाई पत्नी सुंदरलाल खगार
6. रफफो बी पत्नी नवाब खा

सभी निवासीगण यामारोशाला तहसील सिराज जिला विदिशा

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी एजाज मिया एवं 14 अन्य निवासी ग्राम बामोरीशाला तहसील सिरोज जिला विदिशा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सिराज जिला विदिशा के प्रकरण क्रमांक 37/अपील/15-16 में पारित आदेश दिनांक 28/12/ /2017 के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई है।
2/- अतः इस न्यायालय में दिनांक 17/01/24 को पात 11.00 बजे आप स्वाद आवश अधिवक्ता के माध्यम से उक्त प्रकरण से संबंधित अभिलेख सहित अनिवार्य रूप से उपि हो। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध विधिवत् एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। 3/- यह सूचना पत्र आज दिनाक 26.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुहासे गया।

ऊषा परमार

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग

# सूर्या टॉप पर बरकरार, दूसरे नंबर पर पहुंचे सॉल्ट

### सॉल्ट को 18 स्थान का फायदा, करियर की हाईएस्ट रेटिंग हासिल की

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड के फिल सॉल्ट को आईसीसी की ताजा टी-20 रैंकिंग में फायदा हुआ है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सभी फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग जारी की। सॉल्ट को 18 स्थान का फायदा हुआ है और वो टी-20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 802 हो गई है, जो उनके करियर की हाईएस्ट रेटिंग है। वहीं भारत के सूर्यकुमार यादव पहले स्थान पर बने हुए हैं। तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं। ताजा रैंकिंग में शीर्ष-5 स्थानों में से 2 पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों का कब्जा है। तीसरे नंबर पर रिजवान और 5वें पर पूर्व कप्तान बाबर आजम हैं।






### सॉल्ट को वेस्टइंडीज के खिलाफ फायदा मिला

इंग्लैंड के ओपनर सॉल्ट को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज से फायदा मिला है। हालांकि इंग्लिश टीम यह सीरीज 3-2 से हार गई थी। लेकिन, पांच मैचों की सीरीज में सॉल्ट 331 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए थे। उन्होंने चौथे मैच में 119 रन की पारी खेली थी।

### बॉलिंग रैंकिंग में आदिल रशीद टॉप पर

गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड के आदिल रशीद टॉप पर हैं। टॉप-10 में केवल एक भारतीय गेंदबाज है। जो रवि बिश्नोई हैं। बिश्नोई 685 रेटिंग पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वहीं नंबर 1 ऑलराउंडर शाकिब अल हसन हैं।

### टेस्ट में नंबर 1 बल्लेबाज केन विलियमसन

ताजा रैंकिंग में वनडे फॉर्मेट में नंबर 1 बल्लेबाज बाबर आजम अपने स्थान पर कायम हैं। टीम इंडिया के ओपनर शुभमन गिल दूसरे स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में साउथ अफ्रीका के केशव महाराज टॉप पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज तीसरे स्थान पर हैं।

### इधर, टेस्ट में सुपर फ्लॉप होने के बाद भी शुभमन गिल को मिल रहा हर मैच में मौका




भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में फ्लॉप साबित हो रहे हैं। सेंचुरियन में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट में भारत की शुरुआत खराब रही। भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल टेस्ट क्रिकेट में फ्लॉप साबित हो रहे हैं। सेंचुरियन में भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट में भारत की शुरुआत खराब रही। 24 रनों पर रोहित शर्मा (5 रन), यशस्वी जयसवाल (17 रन) और शुभमन गिल (2 रन) पर चलते बने। गिल ने एक बार फिर टेस्ट में हताश किया। वह बल्लेबाजी के दौरान संघर्ष करते दिखे।

#### टेस्ट में शुभमन का बल्ला खामोश

इस साल वेस्टइंडीज दौरे पर शुभमन गिल ने हेड कोच राहुल द्रविड से बात कर बल्लेबाजी ऑर्डर तीसने नंबर पर किया था। इसके बाद भी उनका टेस्ट फॉर्मेट में प्रदर्शन नहीं सुधरा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गिल फ्लॉप रहे। उनके टेस्ट करियर पर नजर डाले तो बुरी तरह संघर्ष करते दिखाई दिए। 9 मार्च को आखिरी शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में जड़ा था। इसके बाद 13, 18, 6, 10, 29* और 2 रन उनके बल्ले से निकले हैं।

#### टी20 में भी फ्लॉप, अगले साल करना पड़ेगा संघर्ष

टीम इंडिया के प्रिंस ने अब तक 18 टेस्ट मैचों में 32.20 के औसत से 2 शतक और 4 अर्धशतक के बदौलत 966 रन बनाए हैं। वहीं, 44 वनडे में 61.37 के एवरेज से 2271 रन ठोके हैं। इसमें 6 सेंचुरी शामिल हैं। शुभमन गिल ने 13 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। जिसमें 145.11 के स्ट्राइक रेट से 312 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वह टेस्ट के साथ टी20 में संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में जगह बनाना उनके लिए मुश्किल होगा। ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल, रजत पाटीदार और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाज कतार पर है।

# विदेशी सरजमीं के 'टेस्ट' में टीम इंडिया फिर फेल, साउथ अफ्रीका में शेर हुए ढेर



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

टीम इंडिया का तीन दशक से जारी सपना एक बार फिर चकनाचूर हो गया है।साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर दिग्गज सितारों से सजी भारतीय टीम सेंचुरियन के मैदान पर खेले गए 2 मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में तीसरे दिन ही फेल हो गयी।किसी भी सरजमीं पर सफेद गेंद के खेल में धमाका करने वाले टीम इंडिया के शेर लाल गेंद में ढेर हो गये।दरअसल टीम इंडिया के नजरिये से विदेशी जमीन के टेस्ट में यह लगातार दूसरी हार है।इसके पहले इंग्लैंड में खेले गए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फायनल में भी ऑस्ट्रेलिया ने धूल चटायी थी।कप्तान रोहित शर्मा,गिल,विराट कोहली,के एल राहुल,श्रेयश आयर व युवा जायसवाल जैसे स्टार बल्लेबाजों से सजी टीम इंडिया पहले टेस्ट में अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने एकदम पस्त हो गयी।जिस पिच पर साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया,उसी सतह पर भारत के सितारे दूसरी पारी में केवल 34 ओवर ही मैदान पर टिक सके। इसी वजह से सेंचुरियन में खेले गए इस टेस्ट में टीम इंडिया को तीसरे ही दिन पारी और 32 रनों से शिकस्त झेलनी पड़ी।पहली पारी में राहुल का शतक के बाद दूसरी पारी में कोहली की जुझारू पारी टीम इंडिया के किसी काम न आयी।टीम इंडिया की गेंदबाजी में मोहम्मद शमी के साथ जडेजा की कमी बेहद खली।बुमराह को दूसरे छोर से किसी भी गेंदबाज का साथ नहीं मिला,जो टीम इंडिया के लिए मैच में घातक साबित हुआ। वहीं बल्लेबाजी के नजरिये से यह बात वाकई समझ से परे है कि जब रोहित और गिल की ओपनिंग जोड़ी सभी फोर्मेट में दमदार खेल दिख चुकी है तो फिर इसमें छेड़खानी का प्रयोग किया जाता है।इस मैच में जायसवाल को अगर मौका दिया गया था तो उनको तीसरे नंबर पर भी आजमाया जा सकता था,मेरे नजरिये में गिल को बतौर ओपनिंग बल्लेबाज ही खिलाया जाना चाहिए क्योंकि यह खिलाड़ी सभी सरजमीं पर दमदार खेल दिखा चुका है।वैसे तो क्रिकेट के खेल में अगर मगर के कोई मायने नहीं होते और एक्मात्र सच यही है कि टीम इंडिया के शेरों को साउथ अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में पूरी तरह ढेर कर दिया है।अब यह देखना दिलचस्प रहेगा कि टीम इंडिया का मैनेजमेंट ओर खिलाड़ी इस करारी हार से क्या सबक लेकर वापसी के लिए दूसरे टेस्ट मैच में कौन सा फार्मूला अपनाते है।

### साउथ अफ्रीका से पहला मुकाबला हारी भारतीय टीम

# कप्तान रोहित शर्मा बोले-बल्लेबाजों ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया, इसलिए हारे

**सेंचुरियन, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका में भारत के टेस्ट सीरीज जीतने का सपना, फिर एक बार टूट गया। टीम इंडिया को पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। साउथ अफ्रीका में इतनी बड़ी हार भारत को 31 साल के इतिहास में कभी नहीं मिली। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट में हार की प्रमुख वजह खराब बल्लेबाजी को माना है। हालांकि,रोहित गेंदबाजों के प्रदर्शन से भी ज्यादा खुश नहीं दिखे।

रोहित ने मैच के बाद कहा कि जीत के लिए पूरी टीम को एकजुट होकर प्रयास करना होगा, जो इस मैच में हम नहीं कर पाए। हमने जिस तरह इस मैच में खेला वह मैच जीतने लायक नहीं था। हम दोनों ही पारियों में बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रहे। उनके बल्लेबाजों ने कई स्कोर शॉट खेले और




बाउंड्री लगाई। लेकिन हमारे बैटर्स को चुनौती का सामना करना पड़ा। हम उनकी ताकत को ठीक तरह से समझ नहीं पाए। पहली पारी में केएल राहुल ने अच्छी बैटिंग कर हमें अच्छा स्कोर तक पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन उसके बाद हम गेंदबाजी में परिस्थितयों का फायदा नहीं उठा सके। हम दूसरी इनिंग में भी बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए। 3 दिन में मैच खत्म होना अच्छा संकेत है। हमें इस हार को भुलाकर अगले टेस्ट के लिए एकजुट होकर खेलना होगा। रोहित मानते हैं कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में जीतने लायक नहीं खेले। रोहित मानते हैं कि साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में जीतने लायक नहीं खेले। रोहित ने बैटर केएल राहुल की तारीफ की और कहा कि हमें केएल राहुल से सीखना चाहिए।



## मेट्रो बाजार

# फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु यूनिट में किया 55 मिलियन डॉलर का निवेश

**मुंबई, एजेंसी**

ताइवान की फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु के फॉक्सकॉन प्रिसिजन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में करीब 55.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। फॉक्सकॉन ने यह निवेश सिंगापुर स्थित अपनी सहायक कंपनी फॉक्सकॉन सिंगापुर पीटीई लिमिटेड के माध्यम से किया है। फॉक्सकॉन सिंगापुर ने 10 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से लगभग 46,08,76,736 शेयर खरीदे हैं, जिसकी कीमत लगभग 55.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर (460.87 करोड़ रुपये) है। वहीं जियो इन्फोकॉम मुंबई भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के साथ मिलकर भारत-जीपीटी कार्यक्रम लाने पर काम कर रही है। हालांकि, अभी जेनेरेटिव एआई एवं विशाल भाषाई मॉडलों के साथ शुरुआती काम ही हुआ है। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश अंबानी ने आईआईटी के सालाना कार्यक्रम में कहा, रिलायंस जियो टेलीविजन के लिए एक ऑपरेटिंग सिस्टम भी लाने की योजना बना रही है। कंपनी के लिए विकास का इकोसिस्टम तैयार करना बहुत महत्वपूर्ण है। इधर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ व आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल को 276 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस मिला है। दोनों कंपनियों ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी है। प्रूडेंशियल को 269.86 करोड़ और लोंबार्ड को 5.66 करोड़ का नोटिस मिला है। म्यूचुअल फंड और डीमैट में




नॉमिनी अब जून तक सेबी ने म्यूचुअल फंड और डीमैट खातों में नॉमिनी को जोड़ने या नहीं जोड़ने की तारीख अगले साल 30 जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले इसकी अंतिम तारीख 31 दिसंबर थी। सेबी ने बुधवार को कहा, बाजार भागीदारों से मिली सलाह के बाद उसने इसे बढ़ाने का निर्णय लिया है।

# माइक्रोसॉफ्ट का यूजर्स के लिए एआई ऐप लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**

माइक्रोसॉफ्ट ने एंड्रॉयड यूजर्स के लिए नया को-पायलट ऐप लॉन्च किया है। इस ऐप के जरिए यूजर अपने एआई चैटबॉट को एक नई सर्विस के रूप में इस्तेमाल कर पाएंगे। यह ऐप सर्च इंजन बिंग से अलग है और पूरी तरह से माइक्रोसॉफ्ट के एआई टेक्नोलॉजी पर बेस्ड है। माइक्रोसॉफ्ट ने कुछ महीने पहले बिंग चैट का नाम बदलकर को-पायलट कर दिया था। शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट का एआई बिंग सर्च इंजन का पार्ट था, जिसके सर्च रिजल्ट का इंटरफेस चैट-जीपीटी की तरह




दिखता था। यह फीचर अब भी अवेलेबल है, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट को-पायलट को एक अलग प्लेटफॉर्म के तौर पर प्रमोट कर रहा है। इसकी मदद से इमेज क्रिएट करने के साथ-साथ ईमेल लिखने और डॉक्यूमेंट बनाने में मदद करता है। माइक्रोसॉफ्ट के इस असिस्टेंट में वॉइस इनपुट देने का ऑप्शन भी मिल जाता है। चीजों को सर्च या एक्सेस करने के लिए ऐप में इमेज और टेक्स्ट इनपुट का ऑप्शन भी मिलता है। नया को-पायलट ऐप गूगल प्ले-स्टोर पर अवेलेबल है और 5 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे डाउनलोड भी कर लिया है।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# फैंस को पसंद आई गुरु-शहनाज की केमिस्ट्री

बिग बॉस 13 में नजर आने के बाद शहनाज गिल कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। हर दिन वो किसी न किसी बात को लेकर सुर्खियों में बनीं ही रहती हैं। बिग बॉस के घर में सिद्धार्थ शुक्ला से उनकी दोस्ती, सिद्धार्थ की मौत के बाद खुद ट्रांसफॉर्म करना, अपनी हर जीत को अपने दोस्त सिद्धार्थ के नाम करना, शहनाज की इन्हीं अदाओं ने उन्हें हर दिल अजीज स्टार बना दिया है। इधर, काफी समय से शहनाज गिल और गुरु रंधावा की दोस्ती की खबरें खूब आ रही हैं। दोनों सितारों को साथ में काफी समय बिताते भी देखा जाता है। पिछले दिनों शहनाज ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो साझा किया है, जिसमें गुरु रंधावा और शहनाज मस्ती वाले मूड में दिख रहे हैं। शहनाज गिल और गुरु रंधावा का यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दोनों एक पंजाबी गाने पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। शहनाज अपने पुराने मस्ती वाले अंदाज में भांगड़ा का स्टेप्स कर रही हैं और गुरु उनके स्टेप्स को फॉलो करते नजर आ रहे हैं।



#### दोनों साथ में दिख रहे क्यूट

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो के कमेंट वाले सेक्शन में शहनाज के फैन प्यारे-प्यारे कमेंट्स लिख रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, किस-किस को शहनाज और गुरु की जोड़ी पसंद है। वहीं, एक ने लिखा है, भाई इन दोनों को समझा दो, ये एक-दूसरे के साथ बेहद प्यारे लगते हैं। कह दो इनसे शादी कर लें। एक और यूजर ने लिखा है, दोनों साथ में कितने क्यूट दिख रहे हैं, नजर न लगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो शहनाज पंजाबी गानों के अलावा पिछले दिनों **थैंक यू फॉर कमिंग** फिल्म में भी दिखाई दी थीं।

# ईशा कोप्पिकर पति से हुई अलग, शादी के 14 साल बाद हुआ तलाक

बॉलीवुड में 'खल्लास गर्ल' के नाम से मशहूर एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर और उनके रेस्तरां मालिक पति टिम्मी नारंग आधिकारिक तौर पर अलग हो गए हैं. शादी के 14 साल बाद दोनों ने तलाक का फैसला किया. कपल की एक 9 साल की बेटी रियाना है, जिसके साथ लेकर एक्ट्रेस ने घर छोड़ दिया है. हालांकि, इस मामले पर एक्ट्रेस की ओर से इसपर अबतक कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है. 'कृष्णा कॉटेज', 'डॉन', 'क्या कूल हैं हम', 'फिजा', '36 चाइना टाउन' जैसी कई पॉपुलर फिल्मों में नजर आ चुकीं ईशा कोप्पिकर, टिमी नारंग के साथ 29 नवंबर, 2009 को शादी के बंध में बंधी थी. शादी के 14 साल बाद दोनों अलग क्यों हुए, ये हर कोई जानना चाहता है. एक सूत्र ने बताया, 'कुछ समय पहले ये खबर आई थी कि ये कपल कम्पैटिबिलिटी मुद्दों की वजह से अलग हो गया.



# ओरी ने स्टारकिड्स को लेकर जाह्नवी कपूर की तारीफ की, कहा- बुरे वक्त में मेरी देखभाल करती थीं

स्टारकिड्स के चहेते और सोशल मीडिया की फेमस पर्सनैलिटी ओरी उर्फ ओरहान अवत्रमणि ने आस्क मी एनिथिंग सेशन में अपने खास दोस्त जाह्नवी कपूर, निसा देवगन और सुहाना खान के बारे में कई खुलासे किए हैं। उन्होंने अजय देवगन की बेटी निसा के बारे में कहा कि कई लोग उनके बारे में गलत राय रखते हैं। ओरी ने बताया निसा बहुत इंट्रोवर्ट नेचर की हैं। उन्होंने अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी इसलिए बंद रखा है, जिससे लोगों के कमेंट्स पर उन्हें रिप्लाई या सफाई न देना पड़े। उन्होंने आगे लिखा कि लोग उनके बारे में गलत राय रखते हैं। वो लोगों की सोच से काफी अलग और प्राइवेट रहने वाली इंसान हैं।



#### जाह्नवी कपूर को बताया थेरेपिस्ट

ओरी ने जाह्नवी के बारे में लिखते हुए बताया वो मेरे लिए एक थेरेपिस्ट हैं। उन्होंने मेरे बुरे फेज से मुझे निकाला था। ओरी ने कहा कि 3 साल पहले मैं मेरी लाइफ के सबसे लो प्वाइंट पर था। जाह्नवी ने उस वक्त हफ्तों तक फोन कर मेरी बेबी सिटिंग की थी ।बता दें जाह्नवी कपूर ओरी की बेस्ट फ्रेंड हैं।

**सुहाना खान को ओरी ने स्मार्ट बताया**: जब ओरी से लोगों ने पूछा कि द आर्चीज को लेकर निगेटिव कमेंट्स के बारे में क्या सुहाना खान जानती हैं? इसपर ओरी ने कहा कि यहां कोई बेवकूफ नहीं है। सब लोग सच्चाई से वाकिफ हैं। वो लोग बहुत स्मार्ट हैं और रियलिटी से जुड़े हुए भी हैं।

**श्रुति हासन इन दिनों प्रभास के साथ फिल्म सालार पार्ट-1**: सीजफायर में नजर आ रही हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस द आई और डकैत में नजर आएंगी। दोनों ही फिल्में 2024 में रिलीज होंगी।

**ओरी ने श्रुति हासन को बताया रुड**: ओरी ने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनिथिंग सेशन रखा था। इस दौरान एक फैन ने उनसे पूछा, क्या कोई ऐसा सेलिब्रिटी है, जिसने आपके साथ फोटो क्लिक करवाने से मना किया हो और जबरदस्ती एटीट्यूड दिखाया हो। अगर आप नाम नहीं ले सकते तो हिंट दे दीजिए। इसके जवाब में ओरी ने श्रुति हासन का नाम लिया। उन्होंने कहा, मैंने कभी उसके साथ फोटो क्लिक करवाने को नहीं कहा, हम एक इवेंट में मिले थे, जहां वो मेरे साथ बहुत रूड बिहेव कर रही थी।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



भोपाल। आज वार्ड 38 एकता पुरी ग्राउंड में महापौर मालती राय ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया इस अवसर पर जोन अध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नितिन पाठक जी उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से टेलर की मौत



भोपाल, दोपहर मेट्रो

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर टेलर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के पास मिली डायरी के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई है। परिजन से संपर्क कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार बरखेड़ी फाटक के पास गुरुवार सुबह किसी व्यक्ति की लाश पड़े होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से एक डायरी मिली। डायरी में मिले नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त ठाकुर उर्फ राजू कुशवाह (50) निवासी बरखेड़ी के रूप में कर ली गई। मृतक के परिजन ने बताया कि वह मूलत- रायसेन के रहने वाले हैं। ठाकुर यहां रत्नागिरी में कपड़े की दुकान पर आने वाले सिलाई के आर्डर लेते थे और घर पर ही सिलाई करते थे। जांच की जा रही है कि उन्होंने सुसाइड की या फिर वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आए हैं।

### शक्ति समितियों के उत्थान उपरांत उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने विषयक योजना

# घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए अब सामुदायिक पुलिस पहल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**थानों के उर्जा हेल्प डेस्क के सहयोग से उक्त महिलाओ को थाना परिसर के समीप ही टी-शॉप, टी-कियोस्क खोलने की व्यवस्था करने का जो प्रस्ताव बनाया गया, उसको सीएसआर मुहिम के अंतर्गत एसबीआई के द्वारा एक विशेष योजना के अंतर्गत अपनाया गया है। एसबीआई ने इसमें उन महिलाओं को कियोस्क खोलने के लिए आर्थिक सहायता तथा अनुदान व आसान किश्तो में ऋण प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। इसी योजना के अंतर्गत प्रथम 20 थानो का चयन किया गया जो क्रमश- थाना कमला नगर, पिपलानी, हबीबगंज, टीटीनगर, चूनाभट्टी, कोलार, आनंदनगर, निशांतपुरा, गोविंदपुरा, छोला, अरेरा हिल्स, रातीबड़, कोतवाली, बागसेवनियां, अशोका गार्डन, शाहपुरा, मिसरोद, मंगलवारा, बैरागढ़ एवं श्यामला हिल्स है।**



इस कार्यक्रम की योजना का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया गया कि यह सामुदायिक पुलिस योजना है जिसके अंतर्गत हिंसा प्रभावित महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु तथा उनको हिंसा मुक्त वातावरण में जीवन निर्वहन करने हेतु आर्थिक रूप से सशक्त बनाना आवश्यक है। यह जहां घरेलू हिंसा की रोकथाम के लिए एक सामुदायिक पुलिस पहल है वही महिलाओ के सशक्तिकरण की भी अच्छी मिसाल है। इसके अंतर्गत भोपाल पुलिस द्वारा कनवर्जन गोलमेज के अंतर्गत चलाये जा रहे सामाजिक संस्थाओ के गठबंधन के साथ प्रारंभ किये गये प्रयासो के अंतर्गत सामाजिक संस्थाओं ने हिंसा पीड़ित ऐसी महिलाओ जो स्वावलंबन के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम होना चाहती है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कमिश्नर पुलिस भोपाल हरिनारायणाचारी ने भोपाल में संचालित होने वाली सामुदायिक पुलिस योजनाओं तथा महिला सशक्तिकरण व बाल सुरक्षा हेतु किये गये विशेष प्रयासो का राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बैस्ट प्रैक्टिस के रूप मे मान्यता मिलने का उल्लेख करते हुए बताया कि यह योजना शक्ति कैफे योजना एक और राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल के रूप में कायम होगी। सभी थाना प्रभारी जो इसमें शामिल हैं, उनको हितग्राही महिलाओ के साथ आमंत्रित कर सभी को इस योजना के सर्टिफिकेट तथा ऋणपत्र एस0बी0आई0 के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान किये गये। एसबीआई के भोपाल में पदस्थ वरिष्ठतम अधिकारी विनोद कुमार मिश्र डी0एम0डी0 इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ में नवागत सीजीएम चंद्रशेखर शर्मा ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर इस योजना को आगे बढ़ाने मे तथा भोपाल के अतिरिक्त अन्य शहरो में भी इसे लागू करने के प्रति प्रतिबद्धता बताई।

# 10वीं के छात्र के सुसाइड की मिस्ट्री सुलझाने में लगे एसआई का हाथ पड़ा सुन्न



भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार इलाके में सीने में पिस्टल से गोली मारकर खुदकुशी करने वाले 10वीं के छात्र अंश अरजरिया की सुसाइड मिस्ट्री सुलझाने में जुटे एसआई एसआर खन्ना के दाएं हाथ अचानक सुन्न पड़ गया। उन्होंने जेपी अस्पताल में इलाज कराया, लेकिन राहत नहीं मिली। ऐसे में गुरुवार को आगे की विवेचना नहीं हो सकी। एसआई ने बताया कि हाथ में बल ही नहीं पड़ रहा। वह बाइक तक नहीं चला पा रहे। कलम उठाने तक में परेशानी हो रही है। इधर, कोलार टीआई आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि जांच प्रभावित नहीं हो इसके लिए शुक्रवार को दूसरा विवेचक नियुक्त कर देंगे। हालांकि थाना प्रभारी ने उम्मीद जताई कि एसआई एसआर खन्ना जल्द स्वस्थ्य हो जाएंगे।

**सुसाइड मामला:टीआई बोले विवेचक बदलेंगे, जिससे जांच जल्द हो सके पूरी**

### पिस्टल कहां से आई इस पर टिकी जांच

पुलिस की जांच सुसाइड की वजह के साथ इस पर टिकी हुई कि आखिरकार स्टूडेंट के पास पिस्टल कहां से आई। पुलिस का मानना है कि पिस्टल की कहानी सुलझने के बाद सुसाइड की वजह की कहानी सुलझ सकती है। इसके लिए पुलिस छात्र के मोबाइल की कॉल डिटेल की जांच कर यह पता करेगी कि उसने पिस्टल लेने के लिए कहीं किसी को फोन से संपर्क तो नहीं किया। इसके साथ ही छात्र के करीबियों से भी इसको लेकर पुलिस जानकारी जुटाएगी।

### खुद को कमरे में बंद कर मार ली थी गोली

आईबीडी कैंपस निवासी प्रदीप अरजरिया हिंदुस्तान प्राइवेट लिमिटेड में जॉब करते हैं। उनका 15 वर्षीय बड़ा बेटा अंश अरजरिया मदर टेरेसा स्कूल कोलार में 10वीं का छात्र था। मंगलवार को वह घर में अकेला था। मां मधु अरजरिया 13 साल के अपने छोटे बेटे को लेकर पार्क में घूमने गई थीं। शाम करीब पांच बजे अंश ने पिता के मोबाइल पर मैसेज किया। मैसेज में सॉरी पापा लिखा हुआ था। आशंका होने पर प्रदीप घर पहुंचे। तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंश गोली मार चुका था।

**मेट्रो एंकर** दोपहर में हुई बहसबाजी के बाद नाबालिगों ने बनाई थी हत्या की योजना

# बागसेवनिया में युवक की हत्या करने वाले आरोपी रायसेन से गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**बागसेवनिया इलाके में मंगलवार रात एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने रायसेन के गैरतगंज से गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मृतक पूर्व में आरोपियों के साथ मारपीट कर चुका था। घटना वाले दिन दोपहर के समय भी युवक ने उनके साथ बहसबाजी की थी, जिसके बाद तीनों नाबालिगों ने उसकी हत्या की योजना बनाई। रात को स्कूटर सवार एक साथी की मदद से युवक की तलाश करते हुए आराधना विद्या निकेतन स्कूल के पास उसे घेर लिया और ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी।**



पुलिस के मुताबिक भारत गतखने (28) अमराई परिसर बागसेवनिया में रहता था और केटरिंग का काम करता था। उसके खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण भी दर्ज थे, जिसके कारण वह थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल था। मंगलवार रात भारत अपने एक दोस्त के साथ घूमने के लिए निकला था। रात करीब सवा दस बजे वह धोबी मोहल्ला स्थित आराधना विद्या निकेतन स्कूल के पास बैठा हुआ था, तभी स्कूटर सवार चार लड़के पहुंचे। इनमें से तीन लड़कों ने भारत पर चाकुओं से हमला कर दिया, जबकि स्कूटर वाला साथी आसपास के लोगों पर नजर रखे हुए था। हमला करने के बाद चारों लड़के स्कूटर पर बैठकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई अजय गतखने की रिपोर्ट पर दो नामजद और दो अन्य समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। आरोपियों की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई थी। टीम ने चारों को रायसेन के गैरतगंज से गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि सभी आरोपी नाबालिग हैं और उसी इलाके के रहने वाले हैं। मृतक भारत गतखने के साथ उनका पहले भी विवाद हो चुका था। घटना वाले दिन दोपहर के समय भी उनके साथ कहासुनी हुई थी, जिसके बाद नाबालिगों ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई और रात को उसकी हत्या कर दी।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022